माघ शुक्ल पक्ष-12, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 262 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

07 मार्च 2024 गुरुवार

आज का मौसम

29 अधिकतम

17 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत *अध्यात्म का अनुभव* प्रोजेक्ट

# *सरकार* चित्रकूट के घाट पर, मप्र से न्याय *यात्रा* अब गुजरात की ओर

**भोपाल/चित्रकूट, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में विकास कार्यों की बौछारे तेज हो रही हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव आज चित्रकूट पहुंचे हैं, जहां स्वदेश दर्शन योजना के तहत होने वाले विकास कार्यों के शिलान्यास हो रहा है। इस कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी भी वर्चुअली जुड़ रहे हैं। इस मौके पर सीएम ने कहा कि भारतीय संस्कृति मजबूत है और वह मुगल काल में नहीं झुकी तो अब मोदी काल में इसके झुकने का सवाल ही नहीं है। दरअसल सीएम स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत मंदाकिनी नदी के घाटों का निर्माण और उन्नयन का कार्य किया जाएगा। यहां सीएम यादव विभागीय योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण करेंगे। इसके बाद वे सिंगरोली में 229.55 करोड रुपये की लागत से 62 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करके इंदौर पहुंचेंगे।



## राहुल को सलाह पर भड़की कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को चुनाव आयोग द्वारा जारी एडवाइजरी पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया जताई है। दरअसल आयोग ने प्रधानमंत्री पर की गई बयानबाजी पर दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश और राहुल गांधी के जवाब सहित सभी तथ्यों पर विचार करने के बाद कांग्रेस नेता को भविष्य में अधिक सावधान और सतर्क रहने की सलाह दी है। इस पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा है कि, पीएम के खिलाफ कुछ क्यों नहीं कहते, गृह मंत्री के खिलाफ कुछ क्यों नहीं कहते। ये निष्पक्ष संस्था किसके इशारे पर चल रही है ? हिम्मत दिखानी चाहिए और मोदी, अमित शाह को भी नोटिस देना चाहिए।
वहीं, सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा कि, ये बिल्कुल गलत है। ईसी पक्षपात कर रही है। जब मोदी खुलकर कर्नाटक चुनाव में बजरंग बली के नाम पर या पुलवामा के शहीदों के नाम पर वोट मांग रहे थे तो क्या कर रहा था ईसी ?

## कांग्रेस का मंथन, जल्द टिकट *एक* दर्जन

**भोपाल ।** लोकसभा चुनाव के लिये कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची अब एक दो दिन में सामने आने के आसार हैं। आज शाम केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में मप्र की स्क्रीनिंग कमेटी की रिपोर्ट व पैनल पर विचार हो रहा है। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस दस मार्च के पहले अपनी पहली सूची जारी करने की तैयारी में है। मप्र में छिंदवाडा, बालाघाट, धार, भिंड, भोपाल, ग्वालियर व जबलपुर समेत दर्जन भर सीट पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान हो सकता है। वहीं भाजपा के भी पांच उम्मीदवार के नाम पर सस्पेंस बना हुआ है। इसे लेकर कई तरह के बयान सामने आ चुके हैं।



## मप्र से रवाना हुई राहुल की न्याय यात्रा, मोदी पहुंचे करमीर





**रतलाम।** मप्र में करीब पांच दिन गुजारने के बाद राहुल गांधी की न्याय यात्रा राजस्थान पहुंच गई है और शाम तक गुजरात में दाखिल हो जाएगी। मप्र में यात्रा का आखिरी पड़ाव रतलाम जिले में सैलाना के सरवन गांव में रहा। फिर वे बांसवाडा पहुंचे हैं। यहां सभा के बाद यात्रा दाहोद जिले के झालौद से गुजरात में दाखिल होगी। तीन दिन उनकी यात्रा विभिन्न क्षेत्रों में घूमकर महाराष्ट्र में दाखिल होगी। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कश्मीर के श्रीनगर पहुंचे हैं। जहां वे सभा को संबोधित करेंगे। धारा 370 हटने के बाद वे पहली बार कश्मीर पहुंचे।

शराब घोटाला मामला

# केजरीवाल को कोर्ट का समन 16 को पेश होने के निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

शराब घोटाले से जुड़े मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट ने समन भेजा है। ईडी की अर्जी पर ये समन भेज कोर्ट ने केजरीवाल को 16 मार्च को पेश होने को कहा है। इससे पहले ईडी सीएम केजरीवाल को आठ समन भेज चुकी है। वह इन समन को गैरकानूनी बताते रहे हैं। उन्होंने कहा था कि फिर भी वह ईडी के सवालों के जवाब देने के लिए तैयार हैं तथा ईडी से केजरीवाल ने 12 मार्च के बाद की कोई तारीख मांगी थी। केजरीवाल ने कहा था कि वह वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सवालों के जवाब देंगे। केजरीवाल को बार-बार ईडी की ओर से समन भेजने पर आम आदमी पार्टी ने सवाल उठाया था। पार्टी का कहना है कि चंडीगढ़ में सुप्रीम कोर्ट ने जिस तरह से फैसला सुनाया है, उसी का बदला अरविंद केजरीवाल से लिया जा रहा है।



## बाइकर्स क्वीन खजुराहो में



**खजुराहो।** हाइवे पर फर्राटे भरती जब महिला बाइकर्स क्वींस आन द व्हील्स जब खजुराहों की सड़कों पर निकली तो लोग उनकी रफ्तार और जुनून को देखते ही रह गए। यह महिला बाइकर्स देशभर के भ्रमण पर निकली हैं। जो पर्यटन स्थलों को देखने आगे बढ़ रही हैं। इस बाइकर्स टीम में देश विदेश की 25 महिला बाइकर्स शामिल हैं। मध्य प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजुराहो में क्वींस ऑन द व्हील्स की महिला बाइकर्स की टीम पहुंची है। पर्यटन स्थलों को प्रमोट करने के लिए देश-विदेश की 25 महिला बाइकर निकली है। भोपाल से निकली यह बाइकर्स टीम ने अब तक सांची, चंदेरी, शिवपुरी कूनो, ग्वालियर, दतिया, झांसी और ओरछा, निवाड़ी व बमीठा का सफर तय किया है।

## मंत्री बनते ही 'गब्बर' बनने लगे राजभर

**लखनऊ एजेसी।** राजनीति में अपने अनोखे अंदाज और बड़बोले बयान के लिए मशहूर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुखिया ओमप्रकाश राजभर अब मंत्री बन गए हैं और उनके तेवरों में और तल्खी आने लगी है।



कैबिनेट का हिस्सा बनते ही राजभर की ठसक तब उभरी जब उन्होंने खुद को गब्बर सिंह बताया। उन्होंने खुद की तुलना मुख्यमंत्री तक से कर डाली व कहा- 'आप लोगों ने देखा ही होगा कि मुख्यमंत्री योगी खुद बैठकर हमें शपथ दिलवा रहे थे। मैंने पहले ही ललकार कर कहा था कि हम मंत्री बनेंगे, आज जो पावर सीएम के पास है, वही पावर राजभर के पास भी है। मैं शोले फिल्म का गब्बर सिंह हूं।' राजभर ने आगे कहा कि किसी से दबने की जरूरत नहीं है। जब भी किसी थाने में जाओ तो पीला गमछा ओढ़कर जाओ। जब थाने में दरोगा देखेगा तो तुम्हारी शक्ल में ओमप्रकाश राजभर दिखाई देगा। बोल देना जाकर कि मंत्रीजी ने भेजा है। दरोगा, एसपी, डीएम में पॉवर नहीं है कि फोन लगाकर पूछ सके कि मंत्रीजी ने भेजा है या नहीं।

## बिजनेस क्लास में सवार फाइनेंशियल कंपनी की हेड को फ्लाइट से उतारा

**नई दिल्ली।** एक फाइनेंशियल कंपनी की हेड को एयर इंडिया की फ्लाइट में क्रू मेंबर्स के साथ गलत तरीके से बात करना भारी पड़ गया। ऐसा करने पर फाइनेंशियल कंपनी की हेड को फ्लाइट से नीचे उतार दिया गया। यह मामला दिल्ली से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट का है। सूत्रों के मुताबिक, यह फाइनेंशियल कंपनी की हेड बीते 5 मार्च को एयर इंडिया की दिल्ली से लंदन जा रही फ्लाइट में बिजनेस क्लास में सवार हुई थी। आरोप है कि उक्त हेड ने एयर इंडिया के क्रू मेंबर्स के साथ बदतमीजी से बात करना शुरू कर दिया। मामला बढ़ने पर क्रू मेंबर्स ने कैप्टन को इसकी जानकारी दी। बिजनेस क्लास में बैठे बाकी पैसेंजर्स को भी इससे परेशानी हो रही थी। फ्लाइट की उड़ान करीब 9 घंटे लंबी थी। इस दौरान यात्रियों को पूरी उड़ान के दौरान होने वाली परेशानियों को देखते हुए कैप्टन ने उक्त हेड के साथ उड़ान नहीं भरने का फैसला किया और उसे फ्लाइट से नीचे उतार दिया गया।



## चेस के महान खिलाड़ी गैरी कास्परोव को रूस ने आतंकवादी घोषित किया

**मॉस्को ।** शतरंज ग्रैंडमास्टर और राजनीतिक कार्यकर्ता गैरी कास्परोव को रूस की वित्तीय निगरानी संस्था ने 'आतंकवादियों और चरमपंथियों' की सूची में शामिल किया है। 60 वर्षीय पूर्व विश्व शतरंज चैंपियन लंबे समय से राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आलोचक रहे हैं और यूक्रेन में रूस के सैन्य हमले की लगातार निंदा करते रहे हैं। रूस की वित्तीय निगरानी एजेंसी रोसफिन ने बुधवार को गैरी कास्परोव को अपनी अवांछित सूची में शामिल कर लिया। आतंकी की सूची में शामिल लोगों के बैंक लेनदेन के लिए प्रतिबंधित करती है और उन्हें हर बार अपने खातों का उपयोग करने के लिए अनुमति लेने की आवश्यकता होती है।



# छग व उप्र में दो भाजपा नेताओं की हत्या



**बीजापुर, एजेंसी।**

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने एक बार फिर एक भाजपा नेता की हत्या कर दी। नक्सलियों ने उन पर धारदार हथियार से हमला किया। हत्या के बाद लाश को भूरीपानी और कोकमेंटा के बीच फेंक दिया। मृतक कैलाश नाग जांगला के निवासी थे। भाजपा में व्यापारी प्रकोष्ठ के मंडल उपाध्यक्ष के पद पर कार्यरत रहे।

**उधर उत्तर** प्रदेश के जौनपुर में भाजपा नेता **प्रमोद यादव** को बदमाशों ने गोली मार दी. इलाज के दौरान अस्पताल में उनकी मौत हो गई है। यादव ने 2012 के विधानसभा चुनाव में जौनपुर की मल्हनी सीट से बाहुबली धनंजय सिंह की पत्नी जागृति सिंह के खिलाफ बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ा था। चुनाव में सपा ने ने जीत हासिल की था, वहीं जागृति सिंह दूसरे नंबर पर रही थीं. गौरतलब है कि बीते बुधवार को ही पूर्व सांसद और बाहुबली धनंजय सिंह को अपहरण और रंगदारी मामले में सात साल की सजा सुनाई गई है।



## नगालैंड में फिर उठी अलग नगा प्रांत बनाने की मांग

**कोहिमा ।** पूर्वी नगालैंड लोग संगठन (ईएनपीओ) ने राज्य के छह जिलों में कथित सार्वजनिक आपातकाल का एलान करते हुए राज्य में लोकसभा चुनाव के दौरान किसी भी दल को चुनाव प्रचार नहीं करने का निर्णय लिया है। साथ ही ईएनपीओ ने 8 मार्च को छह जिलों में बंद की घोषणा की है। पृथक सीमांत नगा प्रांत बनाने की मांग करते हुए संगठन ने कहा कि भारत सरकार की तरफ से गृह मंत्रालय के जरिये एफएनटी के निर्माण के प्रस्ताव को निपटाने में देरी के चलते जनजातीय निकाय और फ्रंटल संगठन तत्काल प्रभाव से पूरे पूर्वी नगालैंड में सार्वजनिक आपातकाल की घोषणा करते हैं। ईएनपीओ 2010 से एक अलग राज्य की मांग कर रहा है, उसका दावा है कि नगालैंड के पूर्वी हिस्से के मोन, तुएनसांग, लॉन्गलेंग, किफिरे, नोकलाक और शामतोर जिलों को हमेशा उपेक्षित किया गया है।

# उत्तरप्रदेश में 13 हजार मदरसे बंद करने की सिफारिश

**लखनऊ, एजेंसी।**

अवैध मदरसों की जांच कर रही एसआईटी ने योगी सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपकर 13 हजार मदरसों को बंद करने की सिफारिश की है। जांच में जो मदरसे अवैध पाए गए हैं उनमें से ज्यादातर नेपाल सीमा पर स्थित हैं, एसआईटी ने रिपोर्ट में दावा किया कि इन मदरसों का निर्माण पिछले दो दशकों में खाड़ी देशों से प्राप्त धन से किया गया। जिन 13 हजार मदरसों को बंद करने की सिफारिश की गई है, उनमें से ज्यादातर नेपाल सीमा से लगे महाराजगंज, श्रावस्ती, बहराइच समेत 7 जिलों में हैं। रिपोर्ट में कहा, इन मदरसों से उनकी आय और व्यय का ब्योरा मांगा गया तो वे उपलब्ध नहीं करा सके, इससे आशंका जताई जा रही है कि सोची-समझी साजिश के तहत जुटाई गई रकम को हवाला के जरिये मदरसों के निर्माण के लिए भेजा गया. अधिकतर मदरसों ने अपने जवाब में चंदे की रकम से निर्माण कराने का दावा किया है।



फाइल फोटो

**मेट्रो एंकर**

मशहूर यूट्यूबर ने पूरा किया चैलेंज, इससे पहले कब्र में भी रह चुका है...

# बिना इंसान वाले खंडहर शहर में गुजारे 7 दिन!

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

एक ऐसा शहर जो पूरी तरह सुनसान हो यानि जहां कोई नहीं रहता, वहां एक शख्स पूरे 7 दिन रहकर आया है। यह एक मशहूर यूट्यूबर हैं। लेकिन इस शहर में दिन बिताने पहुंचे उनके दो दोस्त घबराकर भाग खड़े हुए थे। जिस व्यक्ति ने यह चैलेंज पूरा किया वह इसके पहले सात दिन तक क्रब में भी रह चुका है। इस बार वह जिस शहर में पहुचा वह शहर बीते करीब पैंतीस साल से सुनसान है। खबरों के मुताबिक इस व्यक्ति को वीरान शहर के बीचों बीच हेलीकॉप्टर से उतारा गया था। इसके शेयर किए गए वीडियो को अभी तक 87 मिलियन से अधिक व्यूज मिले हैं। इस शख्स का का नाम यूट्यूबर मिस्टर बीस्ट है। उनका असल नाम जिमी डोनाल्डसन है। उन्होंने इसे एक चैलेंज के तौर पर पूरा किया है।

जिमी का कहना है कि ये उनके लिए सबसे मुश्किल चैलेंज में से एक रहास इस चुनौती की शूटिंग डबरोवनिक के पास एक क्रोएशियाई तटीय शहर कुपारी में की गई थी। यहां खस्ता हालत में मौजूद सात होटल हैं। जिनमें सबसे पुराना साल 1920 में बनाया गया था। 1991 में क्रोएशियाई स्वतंत्रता संग्राम के बाद से ये शहर सुनसान पड़ा है। जिमी और उनके दोस्तों ने एक खुली इमारत में कैंप लगाया इनके लिए यहां पानी, खाने और स्लीपिंग बैग का इंतजाम किया गया। पहले दिन इन्होंने अपना बेस सेटअप किया, फिर रात को इन्हें काफी ठंड का सामना करना पड़ा। सोते समय टीम के दो लोग कांच टूटने की आवाज सुनकर जाग गए। मुश्किलें बढ़ती देख टीम के दो लोगों ने शहर को छोड़ दिया। इसके बाद जिमी और मार्क रॉबर्ट को कैमरा टीम के कुछ लोगों के साथ चुनौती को पूरा करना पड़ा। इस यूट्यूबर ने कहा कि सबसे ज्यादा दिक्कत अकेलेपन के कारण हुई।

ऐसा पहली बार नहीं है, जब जिमी यानी मिस्टर बीस्ट ने ऐसा कोई चैलेंज पूरा किया हो बल्कि इससे पहले नवंबर में वो 7 दिन तक कब्र में रहे थे। वो जमीन के नीचे इस हैरान कर देने वाले स्टंट को पूरा करने गए थे। उन्होंने कहा था कि इस स्टंट के कारण उन्हें मानसिक तौर पर काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है। उन्होंने अपने फॉलोअर्स को भी सलाह दी कि इस चैलेंज को अपने घर पर न दोहराएं।



# स्टेट वाइल्डलाइफ बोर्ड का पुनर्गठन किया वन राज्य मंत्री को बनाया पदेन सदस्य

## 11 मार्च को पहली बैठक, कई प्रस्ताव रखे जाएंगे

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

स्टेट वाइल्डलाइफ बोर्ड का पुनर्गठन कर हो गया है। पहली बार राज्य में वन विभाग के राज्य वन मंत्री बनाए गए दिलीप अहिरवार को पदेन सदस्य बनाया है। जबकि बोर्ड की पूरी संरचना पूर्व की तरह ही है। बोर्ड के अध्यक्ष मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व उपाध्यक्ष वन मंत्री नागर सिंह चौहान होंगे। उक्त बोर्ड की पहली बैठक 11 मार्च को प्रस्तावित है, जिसमें 35 से अधिक प्रोजेक्ट रखे जाने की संभावना है। ये सभी प्रोजेक्ट वन व रिजर्व क्षेत्र से जुड़े हुए हैं जिन पर बोर्ड में चर्चा होगी। इसमें पदेन सदस्य, विशेषज्ञ सदस्य और पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाओं और अनुसूचित जनजाति वर्ग से शामिल किए गए सदस्यों को मिलाकर 34 सदस्य बनाए गए हैं।

### इन 3 विधायकों को किया शामिल

तीन विधायक हेमंत खंडेलवाल बैतूल, मधु सिंह गेहलोत आगर मालवा और नीरज सिंह ठाकुर बरगी को सदस्य बनाया है तो वही पर्यावरण, वन संरक्षण और विशेषज्ञ क्षेत्र से सदस्यों के रूप में भोपाल के पुरातत्वविद् डॉ. नारायण व्यास, सेवानिवृत्त सहायक वन संरक्षक डॉ. सुदेश बागमारे, राज्य के सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी डॉ. आलोक कुमार व पूर्व राज्य सूचना आयुक्त विजय मनोहर तिवारी को जगह दी है।

### अनुसूचित जनजाति क्षेत्र से ये विशेषज्ञ शामिल किए

सरकार ने बोर्ड में अनुसूचित जनजाति क्षेत्र से विशेषज्ञ सदस्यों के रूप में जबलपुर से रूपनारायण मांडवे, बैतूल की भैंसदेही विधानसभा से डॉ. महेंद्र सिंह को शामिल किया है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक जल्द ही बोर्ड के पुनर्गठन संबंधी अधिसूचना जारी की जाएगी।

# NITTTR और NIT पटना के बीच एमओयू

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना (एनआईटी पटना) के साथ मिलकर अनुसंधान, नवाचार और आपसी सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अवसर पर निटर निदेशक प्रो. सी.सी. त्रिपाठी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस समझौते से दोनों ही संस्थान उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेंगे। इस एमओयू के अंतर्गत दोनों संस्थान अकादमिक ,रिसर्च,फैकल्टी स्टूडेंट एक्सचेंज ,शार्ट टर्म प्रोग्राम ,टेक्नोलॉजी ट्रांसफर ,कैपेसिटी बिल्डिंग,स्टूडेंट्स इंटर्नशिप ,इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना ,इंडस्ट्री प्रोजेक्ट्स ,रिसर्च बेस्ड स्टार्टअप्स के क्षेत्र में आपसी सहमति से कार्य करेंगे। एनआईटीटीटीआर भोपाल और एनआईटी पटना संयुक्त रूप से सेमीकंडक्टर डिवाइस असेंबली और पीजोइलेक्ट्रिक एक्चुएटर और सुपरकैपेसिटर की पैकेजिंग की जरूरतों पर काम करेंगे और सेमीकंडक्टर पैकेजिंग उद्योग के लिए जनशक्ति विकास के क्षेत्र में सहयोग करेंगे।

## एनआईटीटीटीआर को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा

भोपाल। शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा प्रदान किया गया है। निटर भोपाल को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा विशिष्ट श्रेणी संस्थान के रूप में मिला है। इस अवसर निदेशक प्रो. सी. सी. त्रिपाठी ने कहा कि निटर भोपाल हर क्षेत्र में उत्कृष्टता के मापदंड पर खरा उतरने का प्रयास करेगा। हमारे हर प्रोग्राम टेक्निकल एजुकेशन ,टीचर्स एवं स्टूडेंट्स फोकस्ड होंगे, जिसके माध्यम से देश में क्वालिटी टीचर्स जो इंडस्ट्री रेडी इंजीनियर्स तैयार कर सकें।

## लेटलतीफी के साथ हुई एक्सटर्नल की नियुक्ति, डीईओ कार्यालय ने बल्क में भेजे नियुक्ति पत्र

# बोर्ड परीक्षाएं समाप्त होने के बाद अब प्रैक्टिकल परीक्षाओं की तैयारी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं परीक्षाएं समाप्त होने के बाद अब प्रैक्टिकल परीक्षाओं की तैयारियां शुरू हो गई हैं। प्रैक्टिकल के लिए जिलों में कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा एक्सटर्नल (बाह्य परीक्षक) की नियुक्ति की जा रही है। प्रदेश के लगभग सभी जिलों में अलग-अलग आर्डर कर नियुक्ति पत्र भेजने के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं को लेकर गोपनीयता रखी जा रही है, लेकिन राजधानी भोपाल में इस प्रक्रिया में लापरवाही सामने आई है। यहां पांच मार्च को ही संकुल प्राचार्यों की मेल पर नियुक्ति पत्र भेजे गए। नियुक्ति पत्र के अलग-अलग आर्डर भेजे जाना था, ताकि एक्सटर्नल की गोपनीयता बनी रहे। लेकिन डीईओ कार्यालय द्वारा बल्क में नियुक्ति पत्र भेज दिए गए। जिससे राजधानी में सभी को पता चल गया कि किस स्कूल में किस शिक्षक की ड्यूटी लगी है। यहां तक कि एक्सटर्नल की नियुक्ति में कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित कमेटी के सदस्यों का अनुमोदन भी नहीं दिया गया।



### लेटलतीफी की जा रही

दसवीं-बारहवीं परीक्षा के प्रैक्टिकल के लिए एक्सटर्नल (बाह्य परीक्षक) की नियुक्ति कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा 20 जनवरी 2024 तक तैयार कर की जाना थी। लेकिन नियुक्ति का कार्य जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा पांच मार्च को परीक्षा समाप्त होने के बाद किया गया।

## आरटीई आवेदन से चूके गरीब व वंचित वर्ग के बच्चे, तारीख बढ़ाने की मांग

भोपाल। राइट टू एजुकेशन (आरटीई) के अंतर्गत राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए प्राइवेट स्कूलों में बच्चों के एडमिशन के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया चलाई जा रही है। इसके लिए रजिस्ट्रेशन की तारीख खत्म होने तक 1.31 लाख स्टूडेंट्स ने अपने रजिस्ट्रेशन कराए हैं। हालांकि राजधानी समेत प्रदेश के कई गरीब व वंचित वर्ग के बच्चे आवेदन करने से वंचित रह गए है। बताया जा रहा है कि पोर्टल में कुछ तकनीकी खामियों की वजह से कई बच्चों के अभिभावक आवेदन जमा नहीं कर पाए है। अभिभावकों ने राज्य शिक्षा केंद्र आवेदन जमा करने की तिथि बढ़ाए जाने की मांग की है। जिससे छात्रहित में गरीब व वंचित वर्ग के बच्चों को आरटीई प्रक्रिया का लाभ मिल सके।

**दस्तावेजों का सत्यापन निर्धारित संकुल केंद्रों में 9 मार्च तक:** आरटीई के तहत मूल दस्तावेजों का सत्यापन निर्धारित संकुल केंद्रों में 9 मार्च तक हो सकेगा। इसके बाद आनलाइन लाटरी के माध्यम से 10 मार्च के बाद आवेदकों को स्कूल का आवंटन किया जाएगा। साथ ही चयनित आवेदकों को एसएमएस से भी सूचित किया जाएगा। चयनित आवेदक 11 से 19 मार्च के बीच आवंटन-पत्र डाउनलोड करके आवंटित स्कूल में प्रवेश करा सकेंगे। प्रवेश देते समय ही संबंधित निजी स्कूल द्वारा मोबाइल ऐप के माध्यम से एडमिशन रिपोर्ट भी दर्ज की जाएगी।

# ममता सरकार के खिलाफ अभाविप ने किया प्रदर्शन, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भोपाल महानगर द्वारा पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुए यौन शोषण के विरोध में ममता सरकार के खिलाफ बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया। प्रांत छात्रा प्रमुख मोनिका शर्मा ने कहा कि शाहजहां शेख को फांसी दी जानी चाहिए। वह मौत की सजा से कम का हकदार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि इलाके में हिंदू महिलाओं को निशाना बनाया गया। ममता सरकार क्रूरता और निर्ममता का उदाहरण बनती जा रही है। महानगर मंत्री प्रभाकर मिश्रा ने कहा कि कि सत्ता के नशे में चूर ममता सरकार के दिन पूरे हो गए हैं और अभाविप के कार्यकर्ता महिलाओं के सम्मान में सभी आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग करती है। प्रांत मीडिया संयोजक शिवम् जाट ने बताया कि संदेशखाली में प्रताड़ित हर एक महिला के साथ पूरा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का परिवार पूरी ताकत के साथ खड़ा है।

# नो एंट्री में घुसे कंटेनर से हादसा, पुलिस आयुक्त को जांच के निर्देश, रिपोर्ट तलब

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल शहर में नो एंट्री में घुसे एक कंटेनर ने सड़क किनारे खड़ी एक महिला को टक्कर मारने और कुचलने से महिला की मृत्यु होने की घटना पर संज्ञान लेते हुए पुलिस आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। आयोग ने शहर में नो-एंट्री के समय कंटेनर या अन्य भारी वाहनों के प्रवेश या संचालन में की गई कार्यवाही के संबंध में तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। इसके साथ ही आयोग ने भोपाल जिले के रातीबड़ थाने में बजरंग दल के पदाधिकारी के साथ मारपीट करने के मामले में संज्ञान लेकर पुलिस आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं और की गई कार्यवाही के संबंध में तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। इसके साथ ही आयोग ने भोपाल शहर के बड़े तालाब में एक नवजात बच्ची का शव मिलने, भोपाल जिले के नजीराबाद में एक युवक की करंट लगने से मृत्यु होने की घटना और गोविंदपुरा थानाक्षेत्र स्थित नर्मदा क्लब के पास एक बाइक सवार युवक द्वारा ग्यारह साल के मासूम बच्चे को टक्कर मारने से उसकी मृत्यु होने की घटना पर संज्ञान लिया है।

## ड्रेनेज की समस्या से लोग परेशान

भोपाल शहर के बिट्टन मार्केट और रविशंकर मार्केट में व्यापारियों को ड्रेनेज की समस्या से परेशान होने का मामला सामने आया है। बिट्टन मार्केट से एमपी नगर, अरेरा कॉलोनी और सात नंबर स्टॉप की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग में आवागमन करने वाले हजारों वाहन चालकों को भी डेरेनज और सीवेज की गंदे पानी की समस्या से परेशान होना पड़ रहा है। मामले में आयोग ने नगर निगम आयुक्त से स्थल निरीक्षण की जांच कराकर गई कार्यवाही का तथात्मक स्पष्ट प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

## प्राण-प्रतिष्ठा



भोपाल। सेमरा स्थित शिव मंदिर में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया।

# अरवलिया कांजी हाउस को लेकर गौ सेवकों ने लिखा महापौर को पत्र

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

श्री राधाकृष्ण गौ सेवा संवर्धन सोसायटी ने महापौर मालती राय का अरवलिया कांजी हाउस की अव्यवस्थाओं की ओर ध्यान दिलाया है। सोसायटी ने महापौर को पत्र लिखकर कांजी हाउस की दयनीय स्थिति बताई है। पत्र में सोसायटी के अध्यक्ष जीतू कटारिया ने कहा गया है कि सोसायटी गौ सेवा के क्षेत्र में काम करती है। सेवा कार्य करते हुए गौ संवर्धन परियोजना में चलने वाले नगर निगम के कांजी हाउस विशेषकर अरवलिया में स्थिति बहुत खराब है। जहां गायों को रखा जाता है, वह जमीन असमतल है, पानी गिरने पर गो वंश घायल हो जाते हैं। कांजी हाउस में आए दिन गो वंश बीमार हो रहे हैं। कांजी हाउस से गो वंश को आसरा भेजा जाता है, आसरा में मृत्यु होना भी आम बात हो गई है। कांजी हाउस में 300-400 गो वंश नियमित होता है, लेकिन उस हिसाब से व्यवस्थाएं नहीं है। चारा, स्टॉप व अन्य समस्याएं भी है। सोसायटी ने महापौर से कांजी हाउस का जायजा लेकर व्यवस्थाओं को ठीक करने की मांग की है।

# टैक्स लॉ बार एसोसिएशन ने किया स्टडी सर्किल कार्यक्रम

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

टैक्स लॉ बार एसोसिएशन ने बुधवार को स्टडी सर्किल कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में युवा अधिवक्ता पलाश खुरपिया ने जीएसटी में नए एवं महत्वपूर्ण अदालती निर्णयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने किन बातों का ध्यान रखना चाहिए इस विषय पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि जीएसटी में केवल पंजीकृत व्यवसायी का ही ऑडिट हो सकता है। पंजीयन निरस्त होने के बाद ऑडिट का नोटिस जारी नहीं किया जा सकता, वह विधि विरुद्ध होगा। उन्होंने देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों द्वारा पारित किए गए महत्वपूर्ण आदेशों पर विस्तार से उपस्थित सदस्यों को जानकारी दी। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष मृदुल आर्य उपाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल बच्चन आचार्य सचिव मनोज पारख, सह सचिव संदीप चैहान कोषाध्यक्ष धीरज अग्रवाल एवं वरिष्ठ सदस्य राजेश्वर दयाल, संतोष शाक्य, कार्तिक चावला आदि उपस्थित थे।

# चैतीचांद पर शोभा यात्रा में नए रिकॉर्ड की तैयारी

## लालसाईं के नेतृत्व में निकलेगी शोभा यात्रा, संयोजक कन्हैयालाल इसरानी





हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल का अवतरण दिवस चैतीचांद 10 अप्रैल को मनाया जाएगा, आयोजन की तैयारियों को लेकर संतनगर में प्रबुद्धजनों की बैठक हुई। निकलने वाली शोभा यात्रा को भव्य बनाने का संकल्प लिया गया। आयोजन को लेकर प्रारंभिक रूप रेखा को भी तय किया गया। यात्रा मार्ग पिछले साल की तरह होगा। शोभायात्रा सिंधु समाज स्कूल से शुरू होगी। यात्रा वेदांत लाल साईं के नेतृत्व निकलेगी। संयोजक कन्हैयालाल इसरानी को पहले ही बनाया जा चुका है। तय किया गया कि संत महात्माओं के सानिध्य में शोभायात्रा नगर में निकलेगी। बैठक में संत लाल साईं, कन्हैया इसरानी संयोजक , माधु चांदवानी, किशन अच्छानी, राजेश बेलानी व अन्य विशिष्ठजन मौजूद रहे।

## मेट्रो एंकर




## दो दिवसीय आयोजन होंगे, आज से शुरू होगा शिव उत्सव

# महाशिवरात्रि पर सिंधी भगत और अघोरी साधना

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

महाशिवरात्रि पर संतनगर में दो दिनों तक कार्यक्रम होंगे। शिवालय को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। जहां परंपरागत आयोजन होंगे, वहीं सिंधी भगत की प्रस्तुति व पहली बार अघोरी नृत्य से शिव की साधना की जाएगी। शिव मंदिर स्टेशन रोड पर शिव मण्डली द्वारा दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसकी शुभारंभ 7 मार्च को होगी। यहां शिवरात्रि पर रुद्राक्ष का भी वितरण किया जाएगा, जो शाम छह बजे से होगा। निरंकारी मंडल स्थित महादेव मंदिर में हवन पूजन के साथ भगवान का अभिषेक व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पर्व पर भगत राम श्याम म्यूजिकल पार्टी संत हिरदाराम नगर एवं रात्रि 11.30 बजे से सुबह 4 बजे तक भगत ढोलण शर्मा अजमेर एवं लवी एण्ड उदय अजमेर वालों की सिंधी भगत का आयोजन किया गया है। 8 मार्च को सुबह 6 बजे से 10 बजे तक हवन, महाआरती होगी।

### रूद्राक्ष बंटेंगे

विजयनगर सिंधी उत्थान पंचायत द्वारा अध्यक्ष कैलाश शर्मा ने बताया है कि महाशिवरात्रि पर पंचायत के सभी सदस्यों को नेपाल से अभिमंत्रित किए रुद्राक्ष उपहार स्वरूप दिए जाएंगे। महाशिवरात्रि पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

### अघोरी साधना

संतनगर में महाकाल सेना शिव रात्रि पर मिनी मार्केट में अघोरी नृत्य के बीच शिव साधना करेगी। पर्व की पूर्व बेला में सात मार्च को नृत्य की प्रस्तुति भोपाल के गायकों के साथ जबलपुर के कलाकार देंगे। कार्यक्रम में भजनों की प्रस्तुति गौरव श्रीवास्तव, अनिमेष शाक्य और माही ठाकुर देंगे। इसके साथ ही कार्यक्रम में पंचामृत अभिषेक भी होगा।




नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

प्रधानमंत्री

# नरेन्द्र मोदी

द्वारा (वीसी के माध्यम से)

## स्वदेश दर्शन योजना 2.0 अंतर्गत

## "चित्रकूट घाट पर अध्यात्म का अनुभव"

परियोजना का शिलान्यास

## विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

प्रात: 10:00 बजे - सुरेन्द्र पाल मैदान, चित्रकूट, मध्यप्रदेश

तथा

मुख्यमंत्री

# डॉ. मोहन यादव

द्वारा

स्व-सहायता समूहों की बहनों से संवाद एवं ऋण वितरण

विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास

7 मार्च, 2024 - अपराह्न 1:30 बजे - सिंगरौली, मध्यप्रदेश

"प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत इक्कीसवीं सदी के ऐसे दौर से गुजर रहा है, जब सबका विकास लोकतंत्र का शरीर और राम राज्य लोकतंत्र की आत्मा बन गए हैं। हमने 'राजकाज' को ऐसा 'रामकाज' माना है, जिसमें प्रदेश की जनता का हित ही सर्वोपरि है।"

- डॉ मोहन यादव मुख्यमंत्री

मध्यप्रदेश शासन

सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D-11232/23

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

## सुविचार

अच्छे संस्कार और अच्छा व्यवहार आपकी वह कमाई है, जो जिंदगी भर आपके काम आती है।

– अज्ञात

# यूरोपीय संघ को जरूरत है भारत की, क्योंकि विश्व मंच पर बढ़ रहा है भारत का कद

■ शशांक

हाल ही में रायसीना डायलॉग से अलग यूरोपीय संघ और भारतीय विशेषज्ञों ने साइबर सुरक्षा और सहयोग पर जोर देते हुए ऑनलाइन दुष्प्रचार को रोकने पर विचार किया। कई नई प्रौद्योगिकियां आई हैं, खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में चैटजीपीटी का दुरुपयोग भी हो रहा है। और अब सिर्फ यूरोप और अमेरिका के पास ही नहीं, बल्कि चीन और रूस के पास भी सैन्य एवं अंतरिक्ष के क्षेत्र में कई आधुनिक प्रौद्योगिकियां हैं। इसलिए साइबर सुरक्षा को मजबूत बनाने, ऑनलाइन दुष्प्रचार और दुरुपयोग को रोकने, अपनी टेक्नोलॉजी को अपडेट करने और उन्हें उन्नत बनाने के लिए दुनिया भर के देशों में विचार-विमर्श हो रहा है। जीवन के उच्च मानक, समृद्धि और संपन्नता, सीखने और बढ़ने के लिए अपार अवसर, मजबूत राजनीतिक संस्थान यूरोपीय देशों की विशेषता रही हैं, इसलिए यूरोपीय देशों के साथ ठोस रिश्ते बढ़ाना भारत के लिए आवश्यक है, लेकिन मौजूदा समय में हमें कई बातों पर ध्यान देने की जरूरत है।

पिछले दिनों ईयू इंडो-पैसिफिक मिनिस्ट्रियल फोरम की बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच के जुड़ाव पर बात करते हुए कहा कि यूरोपीय संघ बहुध्रुवीय दुनिया को पसंद करता है और यह बहुध्रुवीय दुनिया एशिया के जरिये ही मुमकिन है। यूरोपीय संघ इंडो-पैसिफिक के साथ जुड़ाव बढ़ाने के लिए समान विचारधारा वाले साझेदारों की तलाश करेगा और भारत उनमें से एक है। विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि भारत में डिजिटल सार्वजनिक वितरण या हरित विकास की पहल जैसे कई बदलाव हो रहे हैं। इन बदलावों से यूरोपीय संघ का भारत के प्रति ध्यान आकर्षित हुआ है। वैश्विक मंच पर भारत का कद तेजी से बढ़ने से भविष्य में यूरोपीय संघ के साथ जुड़ाव और बढ़ेगा।

भारत और यूरोपीय संघ के रिश्ते 1960 के दशक की शुरुआत में बने, जब भारत ने यूरोपीय आर्थिक समुदाय के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए। वर्ष 1994 में यूरोप के साथ हमने एक द्विपक्षीय सहयोग समझौता किया, जिससे व्यापार और आर्थिक सहयोग काफी बढ़ा। पहला भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन लिस्बन में हुआ, जिससे संबंधों को गति मिली। हेग में हुए पांचवें भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में इस रिश्ते को 'रणनीतिक साझेदारी' में उन्नत किया गया। यूरोपीय संघ भारत को एक उभरती हुई वैश्विक शक्ति के रूप में देखता है और वह दोनों पक्षों के बीच सुरक्षा और रक्षा सहयोग का आह्वान करता है।

द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी के तहत व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा, विज्ञान व अनुसंधान, परमाणु अप्रसार और निरस्त्रीकरण, आतंकवाद का मुकाबला, साइबर सुरक्षा, समुद्री डकैती, प्रवासन और गतिशीलता आदि इकतीस संवाद तंत्र शामिल हैं। चीन, अमेरिका के बाद यूरोपीय संघ भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है, जबकि भारत यूरोपीय संघ का 10वां सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। अमेरिका के बाद यूरोपीय संघ भारतीय निर्यात का दूसरा सबसे बड़ा गंतव्य है। जबसे यूक्रेन-रूस युद्ध छिड़ा है, खासकर पश्चिमी यूरोप के जो देश हैं, उन्होंने अपने हितों के खिलाफ जाकर रूस पर प्रतिबंध लगाया। नतीजतन एक तरफ जहां उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हुई, वहीं दूसरी तरफ रूस से उन्हें जो गैस वगैरह मिल रही थी, वह बंद हो गई। हालांकि भारत ने रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदकर यूरोप को तेल की आपूर्ति की, जिससे हमारे रिश्तों में प्रगाढ़ता बढ़ी है। फिर भी इन नए घटनाक्रमों को ध्यान में रखते हुए हमें अपने राष्ट्रीय हितों पर ध्यान देना चाहिए।

मौजूदा परिस्थिति में यूरोप की अर्थव्यवस्था कमजोर हो चुकी है। पश्चिम एशिया से बहुत से शरणार्थी वहां पहुंच गए हैं, जिससे वहां अस्थिरता पैदा हो रही है। आपसी मतभेद, आर्थिक समस्या के अलावा जो यूरोपीय देश नाटो में शामिल हैं, उनके साथ हमारा व्यापार स्वेज नहर के रास्ते होता रहा है। लेकिन आजकल पश्चिम एशिया में अस्थिरता के चलते दक्षिण अफ्रीका के रास्ते सामान आ रहा है, जिसमें समय भी अधिक लगता है और लागत भी बढ़ जाती है। इससे यूरोपीय संघ और भारत के व्यापारिक रिश्तों को धक्का लगा है। जहां तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की बात है, तो भारत ने इस दिशा में कोशिश की थी, लेकिन अमेरिका के साथ समझौते के कारण यूरोप ने अमेरिका की मंजूरी के बिना अत्याधुनिक उन्नत टेक्नोलॉजी देने में असमर्थता जताई। हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि कारगिल युद्ध के समय उन्होंने जीपीएस सिस्टम बंद कर दिया था, इसलिए हमें पता नहीं चल पा रहा था कि पाकिस्तानी कहां-कहां बैठे हुए हैं। यूरोप के साथ साइबर सुरक्षा और तकनीकी सहयोग की बात करते हुए हमें अपने पुराने




लिए अमेरिकी निर्देश को नजर अंदाज करना मुश्किल होता है। फ्रांस के साथ हमारे द्विपक्षीय रिश्ते बहुत अच्छे हैं और उनके साथ आर्थिक, तकनीकी और व्यापारिक सहयोग बढ़ाए जा सकते हैं, लेकिन कई अन्य यूरोपीय देशों के साथ यह सब आसानी से नहीं किया जा सकता है।

यूरोपीय संघ के साथ मुक्त-व्यापार समझौते को लेकर हमारी बातचीत भी चल रही है। लेकिन उसमें दिक्कत यह है कि वे हमारे विशाल बाजार का लाभ उठाना चाहते हैं, लेकिन उनके उत्पाद ऐसे हैं, जिन्हें भारत में विलासिता संबंधी उपभोक्ता वस्तु कहा जाएगा, जैसे व्हिस्की, वाइन आदि। भारत के आम जन ज्यादातर पारंपरिक हैं, जो ऐसे उत्पादों का ज्यादा उपभोग नहीं करते हैं। कह सकते हैं कि सांस्कृतिक अंतर भी इसमें बाधा बन रहा है। इसके अलावा, हमारे समाज में उपभोक्तावाद बढ़ने के बावजूद बचत करने पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है। यूरोप के अनुभवों को भी ध्यान में रखना चाहिए। हमारे देश में अभी चुनाव होने वाले हैं और चुनावों में सभी दल मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए धर्म, जाति आदि से संबंधित भावनाओं को हवा देते और गलत सूचनाएं फैलाते हैं, जो ऑनलाइन गतिविधियों से और बढ़ सकती है। भारत कभी नहीं चाहेगा कि हमारे समाज में मतभेद बढ़े।

कुल मिलाकर, यूरोप के साथ हमें संबंध निश्चित रूप से बढ़ाने चाहिए, लेकिन वहां की मौजूदा स्थिति और अपने अतीत के अनुभव को ध्यान में रखते हुए ही हमें सावधानीपूर्वक आगे बढ़ना चाहिए। हमारी और उनकी प्राथमिकताएं अलग-अलग हैं, इसलिए अपने राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए ही आगे बढ़ना महत्वपूर्ण होगा।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

## l iknd h;

## पड़ोसी चीन का बजट व उसका मंसूबा

हमारे पड़ोसी और हमेशा शत्रुतापूर्ण रवैया दर्शाने वाले देश चीन ने हाल में अपने रक्षा बजट में 7.2 फीसदी की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। साल 2024-25 के लिए पेश किए गए बजट में इसकी घोषणा की गई है। हालांकि हाल के वर्षों का ट्रेंड देखें तो यह कोई नई बात नहीं है, लेकिन कई बातें हैं जो इस फैसले की ओर खास तौर पर ध्यान खींच रही हैं। खासकर भारत के संदर्भ में। दरअसल, चीन की सैन्य गतिविधियां भारत के लिए भी सीधी चुनौती खड़ी करती रही हैं। लद्दाख से लगती सीमा पर दोनों पक्षों के बीच हुई झड़प को चार साल होने को हैं। लेकिन सीमा पर सैन्य मौजूदगी कम करने के हालात नहीं बन रहे। लद्दाख, उत्तराखंड और हिमाचल से लगती सीमा पर उसके 50 से 60 हजार सैनिक और सिक्किम व अरुणाचल से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर 90,000 सैनिक अभी भी तैनात हैं। इस बीच रक्षा बजट में की गई यह बढ़ोतरी भी कम नहीं कही जाएगी, लेकिन एक्सपर्ट्स के बीच इस बात पर लगभग आम राय है कि चीन सरकार रक्षा मद में जितना खर्च बता रही है, वास्तविक खर्च उससे कहीं ज्यादा होगा। कारण यह है कि रक्षा से जुड़े बहुत सारे खर्च वहां अन्य मदों में दिखाए जाते रहे हैं। चीन सरकार ने रक्षा खर्च में बढ़ोतरी का यह फैसला आर्थिक मुश्किलों के बावजूद किया है। चीनी इकॉनमी कई तरह की चुनौतियों से घिरी है। आर्थिक विकास की उसकी रफ्तार कम हो गई है। इस साल के लिए सरकार ने सिर्फ 5 फीसदी विकास दर का लक्ष्य रखा है, जो उसके मानक के हिसाब से कम है। इसके बावजूद की गई रक्षा बजट में बढ़ोतरी उसकी प्राथमिकता स्पष्ट करती है। चीन के इस फैसले को उसके रुख में आई आक्रामकता के संदर्भ में समझा जा सकता है। इसकी ताजा मिसाल है चीन सरकार की ओर से जारी वह रिपोर्ट जिसमें ताइवान के संदर्भ में 'शांतिपूर्ण एकीकरण' का पारंपरिक वाक्यांश हटा दिया गया है। चीन की सरकार सैन्य खर्च में बढ़ोतरी को अमेरिका और जापान जैसे देशों के सैन्य खर्च में बढ़ोतरी का संदर्भ देकर सही ठहराती है। इसके अलावा वह भारत की घेरेबंदी के प्रयास भी लगातार करता रहता है। पाकिस्तान को भारी सैन्य सहायता देकर भारत की दोनों तरफ की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर दबाव बनाए रखना उसकी नीति का स्थायी हिस्सा बनता जा रहा है। भारत के अन्य पड़ोसी देशों में भी उसकी यही घोषित-अघोषित नीति है। ताजा मिसाल मालदीव के साथ कॉम्प्रिहेंसिव स्ट्रैटेजिक कोऑपरेटिव पार्टनरशिप बनाने की उसकी घोषणा की दी जा सकती है। ध्यान रहे, मालदीव के साथ भारत के रिश्तों में आई हालिया खटास को प्रेक्षक चीन से जोड़ कर देखते रहे हैं। इसमें दो राय नहीं कि कोई भी देश अपने बजट का कितना हिस्सा किस मद में खर्च करेगा, यह उसका अपना मामला होता है। लेकिन मौजूदा संदर्भों में भारत अपने पड़ोसी देश के इस फैसले के निहितार्थों को अनदेखा नहीं कर सकता। इसलिये भारत को अब पड़ोसी देश की गतिविधियों पर निगाहें रखने के लिये अतिरिक्त प्रयास भी करने होंगे। आर्थिक रूप से बिखरते देश चीन की सैन्य ताकत बढ़ाने की मंशा उस वक्त भी अजब लगती है,जब तमाम देश युध्द की स्थितियों से उबरने के लिये परेशान हैं।

## निशाना

### कौन किस पर भारी !



– कृष्णेन्द्र राय

होगी किसकी जीत।
कौन किस पर भारी ।।
ज़ोर शोर से सबकी।
है अपनी तैयारी ।।
सबके अपने दावे।
और हैं विचार ।।
फैसला पर जनता का।
करना भी स्वीकार ।।
अपने अपने क्षेत्र में।
ठोक रहे सब ताल ।।
दिन है वो नज़दीक।
करने को कमाल ।।
चढ़ा सियासी पारा।
पाने को अधिकार ।।
हैं सारे आश्वस्त।
उन्हें पहनना हार ।।

## आज का इतिहास

- **2009** में आज ही के दिन अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने ब्रम्हांड में पृथ्वी जैसे ग्रह और उनपर जीवन को तलाशने के लिए केप कनावेरल से केप्लर नाम की एक दूरबीन को अंतरिक्ष में छोड़ा था।
- **2008** में 7 मार्च के दिन ही अंतरिक्ष यात्रियों ने मंगल ग्रह पर झील की खोज की थी।
- **2007** में आज ही के दिन पाकिस्तान और भारत आतंकवाद पर जांच में मदद के लिए तैयार हुआ था।
- **1985** में 7 मार्च के दिन ही एड्स का पहला एंटीबॉडी परीक्षण एलिसा-टाइप टेस्ट शुरू किया गया था।
- **1969** में आज ही के दिन इजरायल ने 70 साल की गोल्डा मेयर को अपनी पहली महिला प्रधानमंत्री चुना था।
- **1945** में 7 मार्च के दिन ही द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिकी फौज ने जर्मनी की राइन नदी को पार किया था।
- **1925** में आज ही के दिन मंगोलिया पर सोवियत रेड आर्मी ने बाहरी कब्जा किया था।
- **1918** में 7 मार्च के दिन ही फिनलैंड ने जर्मनी के साथ मैत्री समझौते पर साइन किए थे।
- **1906** में आज ही के दिन से फिनलैंड ने महिलाओं को वोट डालने का अधिकार मिला था।
- **1876** में 7 मार्च के दिन ही एलेक्जेंडर ग्राहम बेल को अपने टेलीफोन (दूरभाष) आविष्कार का पेटेंट मिला था।
- **1875** में आज ही के दिन अलेक?जेंडर ग्राहम बेल ने टेलीग्राफ का आविष?कार किया था।
- **1854** में 7 मार्च के दिन ही चार्ल्?स मिलर ने सिलाई मशीन के लिए पेटेंट हासिल किया था।
- **1835** में आज ही के दिन भारत में यूरोपीय साहित्य और विज्ञान के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने का प्रस्ताव लाया गया था।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस- 8 मार्च, 2024

# महिला-क्रांति के विस्फोट की संभावना

■ ललित गर्ग

महिलाओं की भागीदारी को हर क्षेत्र में बढ़ावा देने और महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। महिला अधिकार कार्यकर्ता रहीं क्लारा जेटकिन ने 1910 में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बुनियाद रखी थी। डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगेन में कामकाजी महिलाओं के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में उन्होंने इसका सुझाव दिया था। जिसके बाद साल 1911 में ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, जर्मनी और स्विट्जरलैंड में पहला अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया था। इस दिन को सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और कई दूसरे क्षेत्रों में अपना अहम योगदान देने वाले महिलाओं को सम्मानित किया जाता है। साल 2024 की थीम है- 'इंस्पायर इंक्लूजन' इसका मतलब है एक ऐसी दुनिया, जहां हर किसी को बराबर का हक और सम्मान मिले, जिससे अपनेपन, प्रासंगिकता और सशक्तिकरण की भावना आती है। परिवार, समाज, देश एवं दुनिया के विकास में जितना योगदान पुरुषों का है, उतना ही महिलाओं का। हालांकि महिलाओं को पुरुषों के समान उतने अधिक सम्मान, अवसर एवं स्वतंत्रता नहीं मिलती। लेकिन नया भारत-सशक्त भारत के निर्माण की प्रक्रिया में महिलाएं घर परिवार की चार दीवारों को पार करके राष्ट्र निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दे रही हैं।

महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उल्लेखनीय कदम उठाये हैं। चाहे उज्ज्वला योजना के द्वारा उन्हें गैस सिलिंडर दिलाना हो, गावों में घरों और शौचालय का निर्माण हो या नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में पास कराना। आज दुनिया के सभी देश इस बात को मान रहे है की मोदी के नेतृत्व में भारत की महिलाएं बहुत आगे बढ़ रही है। खेल जगत से लेकर मनोरंजन जगत तक और राजनीति से लेकर सैन्य व रक्षा तक में महिलाएं बड़ी भूमिका में हैं। बात भारतीय या अभारतीय नारी की नहीं, बल्कि उसके प्रति दृष्टिकोण की है। आवश्यकता इस दृष्टिकोण को बदलने की है, जरूरत सम्पूर्ण विश्व में नारी के प्रति उपेक्षा एवं प्रताड़ना को समाप्त करने की है। इस दिवस की सार्थकता तभी है जब महिलाओं को विकास में सहभागी ही न बनाये बल्कि उनके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौंचने की वीभत्सताओं एवं त्रासदियों पर विराम लगे, ऐसा वातावरण बनाये।

आजादी के बाद से राष्ट्र के विकास के साथ, भारतीय महिलाओं को राष्ट्र की प्रगति और विकास में समान भागीदार बनने के लिये अधिकारों और अवसरों की प्राप्ति हुई है। सावित्रीबाई फुले, कस्तूरबा गांधी, सरोजिनी नायडू, आनंदीबाई गोपालराव जोशी, इन्दिरा गांधी से



लेकर इंदिरा नुई, सायना नेहवाल, टीना डबी, सावित्री जिन्दल जैसी हस्तियों के रूप में महिलाओं ने सार्वजनिक और निजी जीवन के सभी क्षेत्रों में अपनी शूरवीरता एवं अपने कौशल का परिचय दिया है। नई शताब्दी में भारत में महिलाएं अपनी स्वयं की विशिष्ट पहचान के साथ मुक्त और स्वतंत्र व्यक्तित्व के तौर पर समाज द्वारा उन्हें सौंपी गई अविभाज्य साथी, राष्ट्र-निर्माता और विकास की विभिन्न भूमिकाओं को बेखूबी निभाया हैं। वह अब पूर्व की भांति पूरी तरह चूल्हा और रसोई में ही नहीं लगी रहतीं। वे अब स्वयं और सभी मानवजाति के लिये नये संसार में विश्वास की नई ऊंचाइयों के लिये उड़ान भर रही हैं। राष्ट्र के आर्थिक जीवन में महिलाओं को किसी भी तरह से पीछे नहीं छोड़ा जा सकता। वैश्विक अर्थव्यवस्था की तेजी के युग में भारत के दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने में बहुत-सी महिलाओं ने अपने को सफल उद्यमियों एवं व्यावसायिक के तौर पर साबित किया है। राजनीति में महिलाएं लंबे समय से सक्रिय रही हैं। हालांकि तब भी उन्हें नेतृत्व करने की अनुमति नहीं दी जाती थी। लेकिन भारत ऐसा पहला देश था जिसकी प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति एक महिला बनी। यहां तक कि अमरीका भी अपने देश के सर्वोच्च पद के लिये किसी महिला का चुनाव नहीं कर पाया है।

महिला दिवस पर महिलाओं से जुड़े मामलों जैसे महिलाओं की स्थिति, कन्या भ्रूण हत्या की बढ़ती घटनाएं, लड़कियों की तुलना में लड़कों की बढ़ती संख्या, गांवों में महिला की अशिक्षा एवं शोषण, महिलाओं की सुरक्षा, महिलाओं के साथ होने वाली बलात्कार की घटनाएं, अश्लील हरकतें और विशेष रूप से उनके खिलाफ होने वाले अपराध को एक बार फिर चर्चा में लाकर सार्थक वातावरण का निर्माण किया जाये। महिला दिवस जैसे आयोजनों, तमाम सरकारी प्रयत्नों एवं सामाजिक जन-चेतना के बावजूद एक टीस सी मन में उठती है कि आखिर नारी कब तक भोग की वस्तु बनी रहेगी? उसका जीवन कब तक खतरों से घिरा रहेगा? बलात्कार, छेड़खानी, भ्रूण हत्या और दहेज की धधकती आग में वह कब तक भस्म होती रहेगी? कब तक उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौचा जाता रहेगा? विडम्बनापूर्ण तो यह है कि महिला दिवस जैसे आयोजन भी नारी को उचित सम्मान एवं गौरव दिलाने की बजाय उनका दुरुपयोग करने के माध्यम बनते जा रहे हैं। महिला समाज को अपनी प्रतिरोधात्मक शक्ति को विकसित कर जागृत जीवन जीने का अभ्यास करना है। उसे अपनी परम्परागत महत्व एवं शक्ति को समझना होगा, वैदिक परंपरा दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी के रूप में, बौद्ध अनुयायी चिरंतन शक्ति प्रज्ञा के रूप में और जैन धर्म में श्रुतदेवी और शासनदेवी के रूप में नारी की आराधना होती रही है। लोक मान्यता के अनुसार मातृ वंदना से व्यक्ति को आयु, यश, स्वर्ग, कीर्ति, पुण्य, बल, लक्ष्मी पशुधन, सुख, धनधान्य आदि प्राप्त होता है, फिर क्यों नारी की अवमानना होती है?

नारी का दुनिया में सर्वाधिक गौरवपूर्ण सम्मानजनक स्थान है। नारी धरती की धुरा है। स्नेह का स्रोत है। मांगल्य का महामंदिर है। परिवार की पीढ़िका है। पवित्रता का पैगाम है। उसके स्नेहिल साए में जिस सुरक्षा, शीतलता और शांति की अनुभूति होती है वह हिमालय की हिमशिलाओं पर भी नहीं होती। नारी जाति के अलंकरण हैं-सादगी और सात्विकता। सोने, चांदी, हीरे, मोती आदि से निर्मित आभूषण उसके सहज सौंदर्य को आवरित ही कर सकते हैं, निखार नहीं दे सकते। सत्यं, शिवं सुंदरं की समन्विति कृत्रिम संसाधनों से नहीं, अनंत स्तेज को निखारने से हो सकती है। सुप्रसिद्ध कवयित्रि महादेवी वर्मा ने ठीक कहा था-'नारी सत्यं, शिवं और सुंदर का प्रतीक है। उसमें नारी का रूप ही सत्य, वात्सल्य ही शिव और ममता ही सुंदर है। इन विलक्षणताओं और आदर्श गुणों को धारण करने वाली नारी फिर क्यों बार-बार छली जाती है, लूटी जाती है? स्वतंत्र भारत में यह कैसा समाज बन रहा है, जिसमें महिलाओं की आजादी छीनने की कोशिशें और उससे जुड़ी हिंसक एवं त्रासदीपूर्ण घटनाओं ने बार-बार हम सबको शर्मसार किया है। 'यत्र पूज्यंते नार्यस्तु तत्र रमन्ते देवता'- जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। किंतु आज हम देखते हैं कि नारी का हर जगह अपमान होता चला जा रहा है। उसे 'भोग की वस्तु' समझकर आदमी 'अपने तरीके' से 'इस्तेमाल' कर रहा है, यह बेहद चिंताजनक बात है। कानून का संरक्षण नहीं मिलने से औरत संघर्ष के अंतिम छोर पर लड़ाई हारती रही है। इसीलिये आज की औरत को हाशिया नहीं, पूरा पृष्ठ चाहिए। पूरे पृष्ठ, जितने पुरुषों को प्राप्त हैं। प्राचीन काल में भारतीय नारी को विशिष्ट सम्मान दिया जाता था। सीता, सती-सावित्री आदि अगणित भारतीय नारियों ने अपना विशिष्ट स्थान सिद्ध किया है। इसके अलावा अंग्रेजी शासनकाल में भी रानी लक्ष्मीबाई, चाँद बीबी आदि नारियाँ जिन्होंने अपनी सभी परंपराओं आदि से ऊपर उठ कर इतिहास के पन्नों पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। लेकिन समय परिवर्तन के साथ साथ देखा गया की देश पर अनेक आक्रमणों के पश्चात् भारतीय नारी की दशा में भी परिवर्तन आने लगे। अंग्रेजी और मुस्लिम शासनकाल के आते-आते भारतीय नारी की दशा अत्यंत चिंतनीय हो गई। दिन-प्रतिदिन उसे उपेक्षा एवं तिरस्कार का सामना करना पड़ता था। इसके साथ साथ भारतीय समाज में आई सामाजिक कुरीतियाँ जैसे सती प्रथा, बाल विवाह, पर्दा प्रथा, बहू पति विवाह और हमारी परंपरागत रूढ़िवादिता ने भी भारतीय नारी को दीन-हीन कमजोर बनाने में अहम भूमिका अदा की। लेकिन अब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना चुके हैं, अमृत काल में नारी का जीवन भी अमृतमय बने, यही अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने को वास्तविक अर्थ दे सकता है।

### सोलर पैनल का मरम्मत कार्य गुणवत्ता पूर्ण तरीके से करें, रोगी कल्याण समिति की बैठक संपन्न

# जिला चिकित्सालय में मरीजों के लिए सभी सुविधाएं सुनिश्चित करें

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

बुधवार को हुई रोगी कल्याण समिति की बैठक में विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा की जिला चिकित्सालय में डायलिसिस एवं सोनोग्राफी मशीन संचालन के लिए व्यवस्था सुनिश्चित करे तथा आवश्यकता पड़ने पर नवीन उपकरणों के क्रय के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। विद्युत व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए जिला चिकित्सालय में स्थापित जनरेटर की मरम्मत का कार्य तथा सम्पूर्ण अस्पताल को जनरेटर से कनेक्ट करने का कार्य भी करें।



बैठक में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने कहा कि अस्पताल में पूर्व में स्थापित किए हुए सोलर पैनल की मरम्मत कराई जाए एवं जनरेटर के संचालन एवं रखरखाव के लिए अनुबंध किया जाए ताकि समय पर आवश्यकता पड़ने पर उनकी मरम्मत हो सके ।डायलिसिस, एसएनसीयू आदि कक्षों में ऑक्सीजन लाइन के आवश्यकतानुसार प्वाइंट भी स्थापित किए जाए। जिला चिकित्सालय में विद्युत विशेषज्ञ को भी कलेक्टर दर पर कुशल श्रमिक की श्रेणी में नियमानुसार नियोजित करे। समय-समय पर आवश्यक दवाइयां के स्टॉक की समीक्षा करें और जो भी दवाइयों की मांग हो उसका संग्रहण करना सुनिश्चित करें।

इसी के साथ कलेक्टर सुश्री मीना द्वारा निर्माणाधीन नवीन अस्पताल भवन की प्रगति की भी जानकारी ली। समिति द्वारा वार्ड बॉय, लेब टेक्नीशियन आदि स्टाफ की पूर्ति की मांग पर भी सीएमएचओ द्वारा बताया गया है कि शासन को इस संबंध में पत्र प्रेषित किया जा चुका है। वाहन पार्किंग सुविधा के लिए भी पारदर्शी एवं नियमानुसार प्रक्रिया अपनाया जाना सुनिश्चित करने के संबंध में निर्णय लिया गया।

समिति द्वारा जिला चिकित्सालय में कैंटीन संचालन के लिए नियमानुसार निविदा बुला कर कैंटीन चालू करने पर भी निर्णय लिया गया। साथ ही साथ जिला चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर तथा विभिन्न वार्डो इत्यादि के ड्रेनेज एवं नालियों के मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग को उक्त कार्य के लिए अनुमानित व्यय की जानकारी कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।

बैठक में विधायक नर्मदापुरम डॉक्टर सीतासरन शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश दहलवार, डॉ राजेश महेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

# नर्मदा कॉलेज में जनभागीदारी समिति की बैठक में कई अहम फैसले हुए

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



नर्मदा कॉलेज में जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित की गई.विधायक डॉ सीताशरण शर्मा के विशेष आतिथ्य ,कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता एवं सदस्यों की सहमति से जन भागीदारी समिति में कई बड़े निर्णय किए गए। सचिव प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने जानकारी दी कि बैठक में जन भागीदारी समिति से नियुक्त शिक्षकों के वेतन में 4000 रु तथा तृतीय ,चतुर्थ कर्मचारियों के वेतन में रू2000 वृद्धि करने का निर्णय लिया गया। साथ ही पिछले सप्ताह चतुर्थ वर्ग कर्मचारी भृत्य दीपक सिंगारिया का हार्ट अटैक से असामायिक निधन हो गया है उनके परिवार के लिए रू. 50000 सहायता राशि भी स्वीकृत की गई। जन भागीदारी समिति ने पाठ्यक्रम तथा छात्र हित के मुद्दों पर चर्चा कर अन्य प्रस्ताव भी स्वीकृत किए हैं महाविद्यालय में जन भागीदारी शिक्षकों तथा कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है ।सभी ने विधायक, कलेक्टर मीना , प्राचार्य तथा समिति के प्रति आभार व्यक्त किया है। बैठक में एस डी ओ,पी डब्ल्यू डी के राजीव पाठक, विधायक प्रतिनिधि दिनेश चौकसे एवं जनभागीदारी प्रभारी प्राध्यापक डॉ एस सी हर्ने, डॉ संजय चौधरी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## सेक्टर अधिकारियों सुपरवाईजरों की बैठक संपन्न

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में विभिन्न स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गत 5 मार्च को रेवा सभा कक्ष में विधानसभा क्षेत्र 137 में तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न हुई।अनुविभागीय अधिकारी नर्मदापुरम ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में लोकसभा निर्वाचन 2024 की व्यवस्था सुनिश्चित की गई । बैठक में बताया गया कि मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्था पर न्यूनतम व्यय हो साथ ही मतदान केन्द्रों के रूट व्यवस्था व होम वोटिंग के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें। बैठक में सर्व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य संस्थाओं में चिन्हित व्यक्तियों को लगाए जाएंगे बीसीजी के टीके

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार ने बताया कि देश को क्षय रोग मुक्त बनाने के संदर्भ में 7 मार्च गुरुवार को नर्मदापुरम जिले की जिला अस्पताल, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के चिन्हित व्यक्तियों जैसे धूम्रपान कर रहे व्यक्ति, डायबिटीज वाले व्यक्ति, कुपोषित व्यक्ति, जिनका इलाज टीवी का इलाज चल रहा है उनके परिवारजन, पिछले 5 वर्ष में टीबी रोग से ठीक हो चुके व्यक्ति एवं 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों को बीसीजी के टीके लगाए जाएंगे । जन प्रतिनिधियों द्वारा टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया जायेगा।




## नर्मदापुरम संभाग में प्रगति की अपार संभावनाएं: माया नारोलिया

**सिवनी मालवा।** नर्मदापुरम पर मां नर्मदा की असीम कृपा है, नर्मदापुरम एक शांतिपूर्ण एवं धार्मिक नगर है। उक्त वाक्य बुधवार को नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने कलेक्टर कार्यालय स्थित सभा कक्ष में आयोजित समस्त विभागों के जिला प्रमुखों की प्रथम परिचय बैठक में समस्त जिला अधिकारियों को संबोधित करते हुए कही।





उन्होंने कहा है कि जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अमला समन्वय के साथ कार्य करें तो जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक आसानी से पहुंचाया जा सकता है। सरकार सदैव किसान कल्याण, गरीबी उन्मूलन एवं युवा कल्याण सहित समाज के हर वर्ग एवं हर तबके के लिए कार्य करती है। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ गुरुकरण सिंह,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस.एस रावत, विकास नारोलिया सहित जिले के समस्त जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने की एनकास कार्यक्रम की समीक्षा

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना जी द्वारा नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्विसेस हृक्र्स्की समीक्षा की गई।जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप हेल्थ वेलनेस सेंटर पर दी जाने वाली स्वास्थ्य की सेवाओं की समीक्षा की गई, जिसमें कलेक्टर द्वारा 15 दिवस में स्वास्थ्य संस्थाओं की कमी को पूरा करने एवं नेशनल क्वालिटी एश्योरेन्स सर्विसेस के मापदंड के अनुसार स्वास्थ्य संस्थाओं में गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए, बैठक में सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार, डीएचओ डॉ आर वर्मा, सिविल सर्जन डॉ प्रजापति , डीक्यूएम डॉ आलिया रुखसार, जिला क्वार्डिनेटर डॉ मिलन सोनी, समस्त ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, एमओ , एवं सीएचओ उपस्थित रहे।

## बच्चों ने देखा क्या है साइंस मोबाइल एग्जिविशन




**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

शासकीय नवीन हाई स्कूल में कक्षा नौवीं के छात्रों ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उपलब्ध साइंस मोबाइल एग्जिबिशन के तहत शासन द्वारा बस में भेजी गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। जिसमें विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रकार की तकनीकी शिक्षा व मॉडल का अवलोकन किया तथा छात्रों ने आधुनिक युग में नवीनतम टेक्नोलॉजी का किस प्रकार से उपयोग किया जा रहा है, प्राचीन समय में परंपरागत कार्यशैली के बदलाव का अवलोकन किया, अवलोकन के दौरान विद्यालय के शिक्षक व प्राचार्य शीत सभी छात्र उपस्थित थे।

## 'पर्यावरण को बचाना है पेड़ लगाना है नरवाई नहीं जलाना' पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

ग्राम पंचायत भरलाय में बुधवार को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सिवनी मालवा की मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि भूतपूर्व सरपंच रामदास लौवंशी की अध्यक्षता में कार्यक्रम किया जिसमे पांचों नवांकुर संस्थाएं एवं समस्त ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष सचिव एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से बैठक लेकर पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण एवं नरवाई की आग रोकने हेतु जागरूकता अभियान चलाऐ जाने संबंधी चर्चा हुई। ब्लॉक समन्वयक हरिदास दायमा नवांकुर संस्था लक्ष्मी समाज कल्याण समिति अध्यक्ष सुगना लौवंशी सचिव अमर गार्गव , ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गाजनपुर अध्यक्ष सुनील कुमार सिंगोरिया ,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कोलगांव अध्यक्ष योगेंद्र राजपूत, नवांकुर संस्था युवा जागरण समिति अध्यक्ष राजेश सराठे, परिवर्तन समाज कल्याण संस्था अध्यक्ष संगीता मेहरा, सचिव संतोष पटवारे, एवं भरलाय पंचायत सरपंच सुगना लौवंशी , लोखरतलाई पंचायत सरपंच प्रतिनिधि रवि गुप्ता एमएसडब्ल्यू बीएमडब्ल्यू छात्रा काजल रघुवंशी प्रस्फुटन समिति से गोपाल, जय राम,महेश सरदार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### चने का अवैध परिवहन करने पर कलेक्टर द्वारा की गई कार्रवाई

# मीरा एसोसिएट्स वेयरहाउस को किया जाएगा ब्लैक लिस्ट

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

कृषि उपज मण्डी परिसर बानापुरा में स्थित मीरा एसोसिएट्स वेयरहाउस के द्वारा अवैध रूप से गोदाम में भंडारित जीन्स चना का परिवहन किये जाने की सूचना पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग सिवनीमालवा द्वारा प्राथमिक आधार पर कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही की सूचना मिलते ही कलेक्टर द्वारा तत्काल मामले को संज्ञान में लेते हुए जिला स्तरीय जांच दल का गठन किया एवं प्रकरण में सूक्ष्मता से जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। गठित जिला स्तरीय जांच दल में जिला आपूर्ति नियंत्रक ज्योति जैन सिंघई, उप संचालक कृषि जे.आर हेडाऊ, जिला विपणन अधिकारी देवेंद्र यादव, जिला प्रबंधक म.प्र. वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन लिमिटेड नर्मदापुरम नगीन वर्मा रहे। गठित जांच दल द्वारा मीरा एसोसिएट्स वेयरहाउस कृषि उपज मण्डी परिसर बानापुरा का मौका निरीक्षण कर तथ्यों के आधार पर जांच कर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जांच दल के प्रतिवेदन अनुसार प्रकरण में मीरा एसोसिएट्स वेयरहाउस कृषि उपज मण्डी परिसर बानापुरा के संचालक कैलाश अग्रवाल के द्वारा मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन से किये गये अनुबंध का पालन नहीं किया जाना पाया गया और मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग की शाखा बानापुरा के प्रबंधक शांतिलाल वसूनिया के द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों में लापरवाही बरती जाना पाया गया। जांच दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर द्वारा मीरा एसोसिएट्स वेयरहाउस को ब्लेक लिस्ट करने और मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग की शाखा बानापुरा के प्रबंधक वसूनिया के द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों में लापरवाही बरती जाने पर निलंबित किये जाने के लिए प्रबंध संचालक, मप्र वेयरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन भोपाल म.प्र. को प्रस्ताव भेजा गया।



## अब होशंगाबाद के बजाए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक नर्मदापुरम के नाम से जाना जाएगा

**नर्मदापुरम।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक होशंगाबाद अब जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक नर्मदापुरम के नाम से जाना जाएगा। प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक ने उक्त जानकारी देते हुए अनुरोध किया है कि भविष्य में पत्राचार जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित नर्मदापुरम के नाम से किया जाए।

**अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक 13 मार्च को:** रबी उपार्जन एवं लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तैयारियों को लेकर अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक 13 मार्च को प्रातः 11 बजे से कार्यालय कलेक्टर नर्मदापुरम के सभाकक्ष में होगी।

## किन्नर समाज महाशिवरात्रि पर करेगा महाप्रसादी का वितरण

**सिवनी मालवा।** नगर की समाज सेवी किन्नर समाज द्वारा कोरोना कल में किस प्रकार से जरूरतमंदों लोगों की किन्नर सरिता पांडे ने अपनी भूमिका अदा करी है यह नगर की जनता अच्छी तरह से भली-भांति जानती है। लोगों के सुख-दुख में खड़ी रहने वाली सरिता पांडे इस वर्ष भी श्री राम जानकी मंदिर में प्रसाद वितरण किया जाएगा

### मेट्रो एंकर — महिलाओं का लाभ वितरण कार्यक्रम में हुआ सम्मान

# नगर पालिका में स्वसहायता समूह की महिलाओं ने देखा पीएम और सीएम का लाइव प्रसारण



**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण एवं महिला स्व सहायता समूह को लाभ वितरण कार्यक्रम का आयोजन शासन के निर्देश अनुसार 6 मार्च को नगर पालिका के सभागृह में शक्ति वंदन, स्व सहायता समूह की बहनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का लाइव प्रसारण के माध्यम से संवाद दिखाया गया। स्व सहायता समूह की महिलाओं और पीएम स्व निधि के हितग्राहियों को सम्मान पत्र, लाभ वितरण किया गया जिसमे कार्यक्रम में जिला संयोजक प्रीति पवन शुक्ला,नपा अध्यक्ष रितेश जैन,नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेंद्र गौर,पार्षद दीपक वाथव, किरण वाथव,प्रशांत यादव,दुर्गेश उईके, महामंत्री जितेंद्र राठौर, विजेंद्र यादव, उपयंत्री चंद्रकांत कवर,राहुल शर्मा, मुख्य लिपिक संजय गोयल, राजस्व निरीक्षक अमर सिंह उइके, स्वच्छता निरीक्षक डॉक्टर प्रशांत कुमार शर्मा, राजेंद्र पाठक,संतोष चौहान, हेमंत चौकसे, शीला धन्यासे, योगिता कुशवाह उपस्थित रहे कार्यक्रम की जिला संयोजक प्रीति पवन शुक्ला ने बताया कि भारत के माननीय प्रधानमंत्री जी की मनसा अनुसार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास एवं महिला सशक्तिकरण हेतु अनेकों कार्य किए जा रहे हैं जिसके चलते स्व सहायता समूह की बहनों को लाभ वितरण एवं सम्मान पत्र दिए गए।









### मुख्यमंत्री ने अशोकनगर जिले को दी 300 करोड़ रूपए लागत की सौगातें

# ऐतिहासिक नगरी चंदेरी के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी







सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि चंदेरी एक ऐतिहासिक और पर्यटन नगरी है। इसके विकास में प्रदेश सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। चंदेरी का सुनियोजित विकास कर इसे न केवल प्रदेश में बल्कि देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल कराया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को चंदेरी में आयोजित हुए कार्यक्रम में रिमोट का बटन दबाकर 300 करोड़ रूपए से अधिक राशि के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर विकास की बड़ी-बड़ी सौगातें दीं। साथ ही अशोकनगर जिले के प्राणपुर में बनकर तैयार हुए देश के पहले ÷क्राफ्ट हैण्डलूम टूरिज्म विलेज÷ का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेश के पर्यटन राज्य मंत्री श्री धर्मेन्द्र लोधी, क्षेत्रीय सांसद डॉ. के पी सिंह यादव,जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव,चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी,मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव,भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरकि उपस्थित थे।

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की पहल पर वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा 7 करोड़ 45 लाख रूपये की लागत से प्राणपुर-चंदेरी में क्राफ्ट हेण्डलूम टूरिज्म विलेज'' विकसित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है। डबल इंजन की सरकार प्रदेश में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि पशुपालन को भी लाभ का धंधा बनाया जाए। इस दिशा में गौशालाओं को और बेहतर बनाने के कार्य किए जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मरीजों के बेहतर उपचार के लिये प्रदेश सरकार ने एयर एम्बूलेंस शुरू की है। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार चंदेरी आए हैं। मुख्यमंत्री चंदेरी में खाली हाथ नहीं, 300 करोड़ रूपए की सौगातें लेकर आए हैं। साथ ही बुनकरों के लिये 7.50 करोड़ रूपए की लागत से तैयार हुई पर्यटन विलेज की सौगात भी उन्होंने दी है।

विधानसभा क्षेत्र चंदेरी के अंतर्गत घुरवारकलां में शासकीय नवीन हाईस्कूल भवन का निर्माण, ईसागढ़ में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ब्लॉक पब्लिक हैल्थ यूनिट का निर्माण कार्य व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय भवन ईसागढ़, चंदेरी में नानकपुर से कुंवरपुर मार्ग लम्बाई 2.165 किलोमीटर, कुंवरपुर तालाब से कतियापुर मार्ग लम्बाई 2.60 किलोमीटर, हिरावल से वडेरा मार्ग लम्बाई 4.73 किलोमीटर, सारसखेड़ी नईसराय मार्ग के किलोमीटर 20ध्10 में नाले पर पुल निर्माण, सारसखेड़ी नईसराय मार्ग के किलोमीटर 4ध्8 में जाजनखेड़ी नाले (छोंच नदी) पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण, सारसखेड़ी नईसराय मार्ग के किलोमीटर 19ध्8 में अमरोद नाले पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य कुल लम्बाई 75 मीटर, पिपरौद थूबोन मार्ग के किलोमीटर 6ध्8-10 में लीलक नदी, पुल निर्माण कार्य लम्बाई 48 मीटर, कायाकल्प अभियान 1.0 के अंतर्गत वार्ड दृ 9, 10 मातामड मार्ग पर सीसी रोड़ एवं वार्ड-15, 16, 17, 18 में हरकुण्ड स्कूल से माधवनगर होते हुए रिंकू के मकान तक सीसी रोड़ एवं चंदेरी गेट से हनुमान टेकरी तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया।

विधानसभा क्षेत्र मुंगावली में पिपरई बरखेड़ा काछी रोड़ से मलावनी मार्ग की नोनाखारी नदी आरडी 11920 मीटर पर स्लैब कल्वर्ट टाईप ब्रिज, शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल सेहराई जिला अशोकनगर में तीन प्रयोगशाला एवं 2 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य, शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल बहादुरपुर जिला अशोकनगर में तीन प्रयोगशाला एवं दो अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुंगावली का 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल में उन्नयनध्निर्माण कार्य, बहादुरपुर जिला अशोकनगर में संयुक्त तहसील कार्यालय भवन का निर्माण, मुंगावली में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पब्लिक हैल्थ यूनिट निर्माण कार्य, बरखेड़ा से तिन्सी मार्ग लंबाई 1.21 किलोमीटर एवं बरवाह से हिन्नौद मार्ग लम्बाई 2.80 किलोमीटर निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया।

#### बड़ा बदलाव लायेगा क्राफ्ट हेण्डलूम टूरिज्म विलेज

मुख्यमंत्री ने बुधवार को अशोकनगर जिले के प्राणपुर में देश के पहले क्राफ्ट हेण्डलूम टूरिज्म विलेज का लोकार्पण किया है। इसके निर्माण से हस्तशिल्प शिल्पियों व बुनकरों के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लायेगा। टूरिज्म विलेज के माध्यम से हस्तशिल्प उत्पादों की गुणवत्ता का विकास, उत्पादों को बाजारोन्मुखी बनाना, कारीगरों को कौशल विकास, उन्नत तकनीकी का प्रशिक्षण एवं आधुनिक उपकरणों का प्रदाय तथा उत्पादों की विपणन सहायता उपलब्ध कराने का काम होगा। साथ ही स्थानीय बुनकरों एवं शिल्पकारों की कला को संरक्षित करते हुए बाजार भी मुहैया कराया जायेगा।

#### इन कार्यों का हुआ भूमिपूजन

मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा अशोकनगर जिले के 228.97 करोड़ रूपए की लागत के कुल 8 कार्यों का भूमिपूजन किया गया। जिनमें विधानसभा क्षेत्र चंदेरी में कुल 2.84 करोड़ रूपए की लागत से बनने जा रही दो सीसी रोड़ व एक नाला निर्माण कार्य, विधानसभा क्षेत्र मुंगावली में कुल 91.7 करोड़ रूपए की लागत से बनने जा रहीं दो सड़कें, एक स्टॉप डैम व एक प्रेशराईज्ड पाइप प्रणाली कार्य शामिल हैं। इसी तरह अशोकनगर विधानसभा क्षेत्र में 134.43 करोड़ रूपए की लागत से बनने जा रही 54 किलोमीटर लम्बी सड़क का निर्माण कार्य शामिल है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र मुंगावली में केशोपुर से सिंघाड़ा मार्ग लम्बाई 4.82 किलोमीटर, सतहरी स्टॉप डैम स्थान बरखेड़ा भोगी, टर्न की पद्धति पर मल्हारगढ़ प्रेशराईज्ड पाइप प्रणाली का निर्माण कार्य विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क परंतु उस तक सीमित नहीं और योजनांतर्गत पिपरिया से रूसल्ला मार्ग लम्बाई 3 किलोमीटर कार्य का भूमिपूजन हुआ। विधानसभा क्षेत्र अशोकनगर में योजनांतर्गत शाढोरा (एसएच 20) से करीला माता मंदिर (बेलई करीला मुख्य जिला मार्ग) व्हाया बामोरीताल, ककरूआ राय, पिपरियाराय, कचनार, झितिया, करैया बुद्ध, राजपुर, फतेहपुर, खिरिया, हरिपुर चक्क, पीपलखेड़ा, दंगलिया, जमुनिया मार्ग लम्बाई 54.40 किलोमीटर निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ।

## रिहायशी इलाकों में 45 से 55 डेसिबल की लिमिट, सिरोंज में कोई नियम नहीं, बज रहे है डीजे

### स्थानीय प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान, परीक्षाओं में बच्चे हो रहे है परेशान

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

सिरोंज शहर सहित ग्रामीण आंचलो में भी उत्सव जेसा महोल दिखाई दिया चारो ओर शोरशराबा, हसते गाते लोग, डीजे कि घुन पर थिरकते युवा, पूराने फिल्मी गीतों पर नागिन डांस करते बुजुर्ग, हर कोई बहुत खुश यहाँ तक की रहगीर भी अपने आपको नही संभाल सके ओर उन्होंने भी दौ चार ठुमके लगा ही लिए यही खुशी का महोल दिखाई दिया सिरोंज कि सडको पर आये दिन डिजों की वजह से जाम लगता रहता है पुलिस ने इस और कोई ध्यान नहीं दिया पुलिस ये माजरा देखती रहती है डीजे वालों के खिलाफ कोई कार्रवाही करती दिखाई नहीं देती।



इसी प्रकार हाफिज याकूब बस स्टैंड से लेकर छत्री नाका तक गाड़ियों एवं अधिक भीड़-भाड़ के चलते भी ट्राफिक जाम की स्थिति बन जाती है अधिकांश बड़े वाहनों का आ जाने के कारण जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है वहीं डीजे एवं बड़ी-बड़ी गाड़ियों के निकलने में काफी परेशानी आती है, दो बारातों के आपस में इकट्ठे हो जाने के कारण भी यही स्थति बनी शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए सिरोंज पुलिस का एक भी जवान कहीं पर देखने को नहीं मिलता जिसके कारण राहगीरों को खासी परेशानी का सामना करना पडती है और डीजे वाले अपनी मनमर्जी करते रहते है।

परीक्षा में छात्रों को हो रही है परेशानी देर रात तक तेज आवाज से बचते रहते है डीजे - जहां एक और शासन द्वारा डीजे पर निर्धारित समय पर चलने के आदेश हैं लेकिन प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली के कारण शासन के आदेशों को लोग खुलेआम ठेंगा दिखाते रहते हैं देर रात तक डीजे तेज आवाज से चलाते हे लेकिन पुलिस प्रशासन ने थोड़ी भी रहमत नहीं उठाती वही बोर्ड परीक्षाएं चल रही है इसका असर विद्यार्थियों और मरीजो पर को पड़ता है वहीं दूसरी ओर डीजे की इतनी तेज धुनो के कारण इसका असर लोगों की सेहत पर भी साफ तौर पर पड़ रहा है बाजार में इतनी तेज ध्वनि से डीजे बजाया जाता हे की लोगों को वह जगह ही छोड़ना पडती है कई बुजुर्गों को तो कर की आवाज से घबराहट होने के कारण घरों का रूख करना पड़ा ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिरकार पुलिस प्रशासन डीजे चालकों के खिलाफ कोई कार्यवाही क्यों नहीं करती।

शरीर और दिमाग इतने थक गए हैं कि आपको डिनर के बाद अच्छी नींद की सख्त जरूरत है। तभी आपका पड़ोसी तेज आवाज में डीजे बजा देता है। शोर इतनी तेज की घर की खिड़कियां तक कांप रही हैं। सिचुएशन इससे अलग भी हो सकती है। आपके बच्चे की परीक्षाएं चल रही हैं या घर में कोई सदस्य बीमार है। दोनों को शांति और सुकून चाहिए। ऐसी किसी भी सिचुएशन में लाउड स्पीकर या डीजे आफत से कम नहीं हैं। इससे नींद खराब होने के अलावा मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है।

#### इसके लिए शिकायत कहां दर्ज करवा सकते हैं -

- क्या लाउड स्पीकर से मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा?
- क्या डीजे बजा रहे शख्स को हो सकती है जेल?
- इससे सेहत पर क्या असर पड़ता है?
- क्या सलाह देते हैं विशेषज्ञ?

#### इसके खिलाफ पीड़ित व्यक्ति को है अधिकार -

- अनुच्छेद 32 के तहत सीधे सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकता है।
- अनुच्छेद 226 के तहत सीधे हाई कोर्ट जा सकता है।
- रात में लाउड स्पीकर और डीजे बजाने पर रोक लगाने की मांग भी कर सकता है।

## एसडीएम इमलानी रोड की जांच करने पहुंचे



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

बुधवार को एसडीएम हर्षल चैधरी पी डब्लू डी एसडीओ अरविंद पाठक को लेकर इमलानी रोड की सड़क की गुणवत्ता की जांच पड़ताल करने के लिए पहुंचे उन्होंने सड़क ठेकेदार ओर जिम्मेदार को निर्देश देते हुए कहा की गुणवत्ता के साथ सड़क का निर्माण कार्य समय सीमा के अंदर पूर्ण किया जाए पानी निकासी के लिए ढलान दी जाए जिससे की बारिश के दिनों में पानी सड़क पर जमाना हो यदि बरसात का पानी निकालने के लिए इंतजाम नहीं किए गए तो सड़क खराब होने की संभावना होती है। तेज गति से गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराया जाए इसके संबंधों ने सड़क निर्माण कंपनी के अधिकारियों को भी दिशा निर्देश देते हुए लगातार गुणवत्ता की जांच के बाद ही भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। ठेकेदार के द्वारा पिछले कुछ दिनों से लापरवाही तथा धीमी गति से सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस वजह से इस मार्ग से आने जाने वाले वाहन चालकों को कई दिनों से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं देखना है कि एसडीएम के निर्देश के बाद सड़क निर्माण करवाने वाले विभाग के जिम्मेदारों तथा ठेकेदार के द्वारा कितनी तेज गति से गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य किया जाएगा।

## देवपुर मंदिर समिति ने मेले की व्यवस्था करवाने एसडीएम को दिया ज्ञापन



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

बुधवार को नरेंद्र पाटीदार की अध्यक्षता में देवपुर मंदिर समिति के सदस्यों ने एसडीएम हर्षल चैधरी को ज्ञापन देते हुए कहा कि महाशिवरात्रि पर तीर्थ स्थल देवपुर धाम में विशाल मेले का आयोजन होता है हजारों की संख्या में श्रद्धालु गण बाबा विश्वनाथ स्वामी के दर्शन पूजा करने के लिए पहुंचेंगे यहां पर साफ सफाई के साथ बिजली पानी , सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए जिससे कि श्रद्धालुओं को यहां पर दर्शनों के दौरान किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े समय से पहले यह सभी व्यवस्था संबंधित विभागों से करवाई जाए अभी तक किसी विभाग के द्वारा व्यवस्था नहीं कि जनपद पंचायत से लेकर अन्य बिभागों ने कोई काम नहीं करवाया है।

**मेट्रो एंकर**

### दोनों विधायक नहीं हो सके शामिल

## सीएम ने वन क्लिक के माध्यम से, किसानों के खातों में डाली सीएम सम्मान निधि




सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा वन क्लिक के माध्यम से किसानों के खातों में सीएम सम्मान निधि तथा फसल बीमा की राशि डाली गई। जिसका लाइव प्रसारण किसानों को दिखाने के लिए तहसील कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। विकासखंड के 38672 किसानों के खातों में 7 करोड़ 72 लाख 44000 की राशि डाली गई है। आयोजित कार्यक्रम को विधायक प्रतिनिधि रमेश यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत हो रहा है किसानों के महत्वपूर्ण काम किया जा रहे हैं फसल बीमा का लाभ लगातार दिया जा रहा है प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के द्वारा भी लगातार किसाने को सुविधा उपलब्ध करने के लिए काम कर रहे हैं किया जा रहा है किसानों के लिए एक और बड़ी सौगात फसल बीमा सीएम सम्मान निधि के रूप में दी गई है। किसानों को सम्मान दिलाने के साथ प्रधानमंत्री फसल बीमा एवं सम्मान निधि देने का काम किया है। खेती लाभ लाभ का धंधा बनाने की लगातार कदम उठाए जा रहे हैं।आज किसान तरक्की कर रहे हैं।

जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत हो रहा है प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के द्वारा भी विकास के लिए लगातार काम किया जा रहे हैं। पीएम ,सीएम सम्मान निधि के साथ फसल बीमा दिलाने का काम हमारी सरकार लगातार कर रही है। कांग्रेस की सरकार में किसानों की प्रीमियम भी बीमा कंपनियों को सरकार नहीं भर्ती थी आज कई बार फसल क्षति होने पर फसल बीमा की राशि किसानों के खातों में डाल चुकी है। पार्षद प्रतिनिधि सचिन शर्मा के अलावा अन्य जनता प्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान एसडीएम हर्षल चैधरी ,तहसीलदार संजय चैरसिया, सीएमओ राम प्रकाश साहू के साथ बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे। प्रशासन के द्वारा बड़े कार्यक्रम के लिए व्यवस्था की गई थी सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा तथा कुरवाई विधायक हिर सिंह सप्रे के लिए भी मंच पर कुर्सी लगाई गई थी पर दोनों जनप्रतिनिधि उक्त आयोजन में सम्मिलित नहीं हुए इस वजह से इनकी कुर्सियां खाली लगी रही।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मैकेनिकल खण्ड, अरविन्द विहार, लहारपुर डेम के समीप, बाग मुंगालिया भोपाल**

Phone No. 0755-2930001, E-Mail I.D. emphbpl@mp.nic.in

क्रमांक 378 / तक / का.यं. / लो. स्वा./मैके. खण्ड/भोपाल/2023 दिनांक 27.02.2024

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 61/2023-24 दिनांक 27.02.2024 ऑन-लाईन निविदा क्रमांक 2024_PHED_337896_1 दिनांक 27.02.2024

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग मैकेनिकल खण्ड भोपाल के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के दौरान बैतूल जिले में विभागीय ड्रिलिंग रिंग मशीनों पर आवश्यकतानुसार हैवी लाईसेंसधारी पुरुष वाहन चालक (कुशल) तथा पुरुष मजदूर (अकुशल) उपलब्ध कराने हेतु ऑन लाईन डिजिटली हस्ताक्षरित निविदा दिनांक 10.02.2024 सायं 14.00 बजे तक अनुभवी ठेकेदार से प्रपत्र "Annexure 2.10" पर आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु अभिलेखों जैसे प्रतिभूति राशि पावती, उक्त कार्य हेतु केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग में पंजीयन का प्रमाण-पत्र इत्यादि (निविदा अनुसार) निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से ऑन-लाईन अपलोड करना होगा। निविदा दिनांक 10.03.2024 को सायं 14.00 बजे ऑन लाईन खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र ऑन लाईन भुगतान करने के उपरांत बेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन क्रय किये जा सकते हैं। परशिष्ट / संशोधन केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

| कार्य का विवरण | टेण्डर के प्राक्कलन की अनुमानित लागत राशि (रु.) | धरोहर राशि (रु.) | टेण्डर का मूल्य (रु.) | टेण्डर बिक्री की तिथि | टेण्डर खुलने की तिथि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मैकेनिकल खण्ड भोपाल के अंतर्गत् वर्ष 2024-25 के दौरान बैतूल जिले में विभागीय ड्रिलिंग रिग मशीनों पर आवश्यकतानुसार हैवी लाईसेंसधारी पुरुष वाहन चालक (कुशल) तथा पुरुष मजदूर (अकुशल) उपलब्ध कराया जाना। | 1239707.00 | 24797.00 | 2,000.00 | 10.03.2024 14.00 बजे तक | 11.03.2024 सांय 14.10 बजे | अनुबंध दिनांक से 08 माह (वर्षा ऋतु छोड़कर) |

निविदा से संबंधित अन्य समस्त शर्तें एवं विवरण वेब साइट पर https://mptenders.gov.in निविदा क्रमांक 2024_PHED_337896_1 दिनांक 27.02.2024 उपलब्ध है

G-25560/23

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वा.यां. मैकेनिकल खण्ड भोपाल**

## भारत-इंग्लैंड सीरीज का आखिरी मुकाबला: लंच तक इंग्लैंड का स्कोर 100 रन पर 2 विकेट

# जैक क्रॉले की 14वीं फिफ्टी; भारतीय बॉलर कुलदीप ने झटके दोनों विकेट

**धर्मशाला, एजेंसी**

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट की सीरीज का आखिरी मुकाबला धर्मशाला में खेला जा रहा है। स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। देवदत्त पडिक्कल को डेब्यू कैंप सौंपी गई। वह भारत के लिए टेस्ट खेलने वाले 314वें खिलाड़ी बने। फिलहाल पहले दिन के दूसरे सेशन का खेल जारी है। इंग्लैंड ने 2 विकेट के नुकसान पर 101 रन बना लिए। जैक क्रॉले और जो रूट क्रीज पर हैं। क्रॉले फिफ्टी पूरी कर चुके हैं। कुलदीप यादव ने 2 विकेट लिए, उन्होंने ओली पोप और बेन डकेट को पवेलियन भेजा। इंग्लैंड ने पहले दिन के पहले सेशन में 2 विकेट के नुकसान पर 100 रन बना लिए। जैक क्रॉले 61 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। सेशन में बेन डकेट 27 और ओली पोप 11 रन बनाकर आउट हुए। भारत से दोनों विकेट कुलदीप यादव ने लिए। इंग्लैंड को दूसरा झटका ओली पोप के रूप में लगा। वह 11 रन बनाकर आउट हुए। विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने उन्हें स्टंपिंग आउट किया। इंग्लैंड ने 26वें ओवर में अपने 100 रन पूरे कर लिए। जैक क्रॉले ने कुलदीप यादव की बॉल पर सिंगल लेकर टीम की सेंचुरी पूरी की। इंग्लिश ओपनर जैक क्रॉले ने कुलदीप यादव की बॉल पर चौका लगाकर अपनी फिफ्टी पूरी की। क्रॉले के टेस्ट करियर की यह 14वीं फिफ्टी है। उन्होंने 64 बॉल पर अर्धशतक लगाया। रविचंद्रन अश्विन को 100वां टेस्ट खेलने पर स्पेशल कैप सौंपी गई। भारत से ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अपने करियर का 100वां टेस्ट मैच खेला। मुकाबले से पहले उन्हें कोच राहुल द्रविड़ स्पेशल कैप सौंपी। अश्विन के साथ उनकी पत्नी प्रीति और दोनों बेटियां भी मौजूद रहीं। दूसरी ओर इंग्लैंड से विकेटकीपर बैटर जॉनी बेयरस्टो ने भी करियर का 100वां टेस्ट खेला।



### शुभमन ने लिया डकेट का कैच, 27 रन बनाकर आउट

शुभमन गिल के पीछे की ओर दौड़कर बेहतरीन डाइविंग कैच ने बेन डकेट को पवेलियन भेजा। कुलदीप ने 18वें ओवर की आखिरी बॉल फ्लाइटेड फेंकी। डकेट बड़ा शॉट खेलने गए लेकिन बॉल हवा में खड़ी हो गई। कवर्स पोजिशन पर खड़े शुभमन ने पीछे की ओर दौड़कर डाइव लगाई और कैच पकड़ लिया। डकेट ने 58 बॉल पर 27 रन बनाए। उन्होंने जैक क्रॉले के साथ 64 रन की पार्टनरशिप की। इंग्लैंड के लिए जैक क्रॉले और बेन डकेट ने पहली पारी शुरू की। दोनों ने शुरुआती 10 ओवर में बगैर नुकसान के 35 रन जोड़ लिए। आगे भी दोनों ने संभलकर बैटिंग की और 15वें ओवर में फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। बेन डकेट ने रविचंद्रन अश्विन के खिलाफ चौका लगाकर टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। धर्मशाला में भारत के लिए बैटर देवदत्त पड्डिकल ने डेब्यू किया। उन्हें रविचंद्रन अश्विन ने डेब्यू कैप सौंपी। पडिक्कल भारत से टेस्ट खेलने वाले 314वें खिलाड़ी बने। वह भारत से नंबर-4 पर बैटिंग करते नजर आएंगे। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी, जैक क्रॉले और बेन डकेट ने टीम को संभली हुई शुरुआत दिलाई। दोनों ने शुरुआती 10 ओवर में टीम को कोई झटका नहीं लगने दिया। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के खिलाफ शुरुआती 10 ओवर में दोनों ने 35 रन बनाए।

## अगर भारत धर्मशाला टेस्ट हारा तो पलट जाएगी डब्ल्यूटीसी की बाजी

**धर्मशाला, एजेंसी**

धर्मशाला टेस्ट वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से बेहद अहम होने वाला है. भारत 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में 3-1 से आगे है, लेकिन पांचवें टेस्ट को भारत बिल्कुल हल्के में नहीं लेगा गुरूवार से भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवा टेस्ट खेला जाएगा. दोनों टीमें धर्मशाला में आमने-सामने होगी. हालांकि, भारतीय टीम सीरीज अपने नाम कर चुकी है, लेकिन वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से धर्मशाला टेस्ट बेहद अहम होने वाला है. टीम इंडिया 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में 3-1 से आगे है, लेकिन पांचवें टेस्ट में रोहित शर्मा की टीम बिल्कुल हल्के में नहीं लेगी. फिलहाल, भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वॉइंट्स टेबल में टॉप पर है, लेकिन अगर धर्मशाला में भारत हारा तो बदलाव देखने को मिल सकता है. धर्मशाला टेस्ट वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वॉइंट्स टेबल के लिहाज से बेहद अहम है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम 64.58 पर्सेंटेज प्वॉइंट्स के साथ पहले पायदान पर हैं. लेकिन दूसरे और तीसरे पायदान पर मौजूद न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच फासला बेहद मामूली है. टिम साउथी की अगुवाई वाली न्यूजीलैंड टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वॉइंट्स टेबल में दूसरे पायदान पर है. कीवी टीम के 60 पर्सेंटेज प्वॉइंट्स हैं. वहीं, ऑस्ट्रेलिया तीसरे पायदान पर है. ऑस्ट्रेलिया के 59.09 पर्सेंटेज प्वॉइंट्स हैं. इस तरह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वॉइंट्स टेबल में टॉप-3 पायदान की टीमों के पर्सेंटेज प्वॉइंट्स में ज्यादा अंतर नहीं है।

### जानें अगर भारत हारा तो इंग्लैंड को कितना फायदा होगा?

लिहाजा, अगर भारतीय टीम धर्मशाला में इंग्लैंड के खिलाफ हारती है तो इसका फायदा न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमों को मिलेगा. लेकिन वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वॉइंट्स टेबल के लिहाज से देखें तो अंग्रेजों को बहुत ज्यादा फायदा होने वाला नहीं है. वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वॉइंट्स टेबल में इंग्लैंड का हाल बदतर है. बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली अंग्रेज टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप प्वॉइंट्स टेबल में आठवें नंबर पर काबिज है. इंग्लैंड के 19.44 पर्सेंटेज प्वॉइंट्स हैं।



**मेट्रो बाजार**

## पड़ोसी देशों को भारत से मिलेगा प्याज, नरम हुई निर्यात की पाबंदियां

**मुंबई, एजेंसी**

भारत सरकार ने प्याज के निर्यात पर लगी पाबंदियों को आसान करना शुरू कर दिया है. घरेलू बाजार में सप्लाई बेहतर होने और प्याज की कीमतों में नरमी आने के बाद सरकार यह कदम उठा रही है. इससे कुछ पड़ोसी देशों को महंगे प्याज से राहत मिलने वाली है. ताजे फैसले में सरकार ने पड़ोसी देश भूटान समेत बहरीन और मॉरीशस को प्याज भेजने की मंजूरी दी है. विदेशी व्यापार महानिदेशालय यानी डीजीएफटी ने एक नोटिफिकेशन में बुधवार को इसकी जानकारी दी. नोटिफिकेशन में बताया गया कि अब भूटान, बहरीन और मॉरीशस को भारत से प्याज की आपूर्ति मिलेगी. प्याज का यह निर्यात नेशनल को-ऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड के जरिए होगा. जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, सरकार ने भूटान को 3000 मीट्रिक टन प्याज के निर्यात की मंजूरी दी है. इसी तरह बहरीन को 1200 मीट्रिक टन और मॉरीशस को 550 मीट्रिक टन प्याज की आपूर्ति करने की मंजूरी दी गई है। भारत सरकार ने प्याज के निर्यात पर पिछले साल पाबंदियां लगा दी थी. प्याज का निर्यात रोकने का निर्णय घरेलू बाजार में उपलब्धता कम होने और कीमतें आसमान पर पहुंच जाने के कारण लिया गया था. प्याज के निर्यात पर यह रोक दिसंबर 2023 से मार्च 2024 तक के लिए लगाई गई थी. इससे घरेलू बाजार में प्याज की कीमतों को काबू करने में मदद मिली है. तब जाकर सरकार ने अब पाबंदियों में ढील देना शुरू किया है. अभी भी नहीं मिली है पूरी छूट सरकार ने सबसे पहले पिछले साल अगस्त में प्याज के निर्यात पर पाबंदी लगाई थी।



## जोमाटो के शेयर बेचेगी चाइनीज कंपनी, होगा सौदा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

चीन के एंट ग्रुप ने भारत के फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमाटो में अपनी 2 फीसदी ( 17.64 करोड़ शेयर ) हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया है. यह सौदा 2800 करोड़ रुपये में हो सकता है. एंट ग्रुप यह डील अपनी सब्सिडरी एंटफिन सिंगापुर होल्डिंग्स पीटीई के जरिए करेगी. इस बल्क डील के लिए फ्लोर प्राइस 159.4 रुपये प्रति शेयर रखा जा सकता है. मंगलवार को जोमाटो के शेयर 166.8 रुपये पर बंद हुए. सीएनबीसी आवाज ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि एंट ग्रुप इस बल्क डील के लिए 4 फीसदी डिस्काउंट दे सकता है. सोमवार को रिकॉर्ड हाई को टच करने वाले जोमाटो के शेयर मंगलवार को 1.8 फीसदी नीचे जाकर बंद हुए थे. जोमाटो को भारत का सबसे मूल्यवान न्यू एज टेक स्टॉक माना जाता है. कंपनी का मार्केट कैप 1.4 लाख करोड़ रुपये आंका गया है. जोमाटो ने साल 2022 में क्विक कॉमर्स कंपनी ब्लिंकिट का अधिग्रहण किया था।

### भारतीय टीम में वापसी के लिए सारे रास्ते हो सकते हैं बंद

## बल्लेबाज ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को आईपीएल में करना होगा शानदार प्रदर्शन

**नईदिल्ली, दोपहर मेट्रो**

श्रेयस अय्यर और ईशान किशन, 2 ऐसे नाम जिन्हें इन दिनों हर कोई आड़े हाथों ले रहा है. उन्हें बीसीसीआई से सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट ना मिलने पर यहां तक कि सचिन तेंदुलकर भी प्रतिक्रिया दे चुके हैं. तेंदुलकर का कहना था कि डोमेस्टिक क्रिकेट खेलने से उनकी और उनके राज्य की पहचान बढ़ती है. अय्यर और किशन अभी भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन कुछ ही हफ्तों में शुरू होने वाले आईपीएल 2024 पर उनकी नजरें जरूर टिकी होंगी. श्रेयस अय्यर और कई सालों से आईपीएल खेल रहे हैं और अच्छा प्रदर्शन भी करते आए हैं, लेकिन आईपीएल 2024 उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण रह सकता है. ऐसा इसलिए क्योंकि अय्यर और किशन आगामी लीग में अच्छा नहीं कर पाए तो भारतीय टीम में उनकी वापसी के लिए सारे रास्ते बंद हो सकते हैं.

**अच्छा प्रदर्शन तय करेगा वापसी:** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कुछ दिन पहले स्पष्ट कर दिया था कि किसी के नखरे नहीं झेले जाएंगे और जो खिलाड़ी नेशनल टीम का हिस्सा नहीं हैं, उन्हें डोमेस्टिक क्रिकेट खेलना ही होगा. इससे कहीं ना कहीं ये स्पष्ट हो गया है कि टीम मैनेजमेंट श्रेयस अय्यर और ईशान किशन के रवैये से जरा भी खुश नहीं है. ऐसे में दोनों खिलाड़ियों को आईपीएल में बहुत शानदार प्रदर्शन करके टीम मैनेजमेंट को रिझाना होगा। फिलहाल दोनों खिलाड़ियों का लक्ष्य सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट दोबारा पाने का भी होगा, लेकिन ये प्रक्रिया उनके लिए आसान नहीं होगी. एक तरफ मिडिल ऑर्डर सुव्यवस्थित नजर आ रहा है, जिससे श्रेयस अय्यर अगर आईपीएल में अच्छा करने में सफल भी रहे तो भी उनके लिए नेशनल टीम में वापसी करना मुश्किल होगा. दूसरी ओर ईशान किशन की बात करें तो टेस्ट टीम में ध्रुव जुरेल ने मौके को भुना लिया है और फिलहाल उन्हें टीम से निकाला जाना सही नहीं होगा. दूसरी ओर सफेद गेंद के क्रिकेट में लगातार केएल राहुल विकेटकीपिंग कर रहे थे और चोट से वापस आने के बाद संभव है कि उन्हें ही विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में टीम में शामिल किया जाएगा. ऐसे में श्रेयस अय्यर और ईशान किशन अगर नेशनल टीम में जगह बनाने और दोबारा बीसीसीआई कॉन्ट्रैक्ट पाने का विचार कर रहे हैं तो उन्हें आईपीएल 2024 में हर हालत में अच्छा करना होगा. श्रेयस अय्यर की बात करें तो वो चोट के कारण आईपीएल 2023 में नहीं खेल पाए थे, जिनकी जगह नितीश राणा ने कोलकाता नाईट राइडर्स की कप्तानी की थी।



## किलियन ने पीएसजी को हराकर चैंपियंस लीग क्वार्टर में पहुंचाया

**सेबेस्टियन, एजेंसी**

स्पेन के सैन सेबेस्टियन के रीला एरेना स्टेडियम में रियल सोसिदाद और पेरिस सेंट-जर्मेन के बीच चैंपियंस लीग राउंड 16 के दूसरे चरण के फुटबॉल मैच के दौरान पीएसजी के किलियन म्बाप्पे ने अपनी टीम के लिए दूसरा गोल किया। रियल सोसिदाद के लिए इलेक्ट्रिक एमबीप्पे को बांधना असंभव था और 15 और 56 मिनट के बाद उसके हमलों ने लीग 1 के नेताओं को स्पेन के उत्तर में एक साधारण रात में छोड़ दिया। म्बाप्पे ने रियल सोसिदाद में 2-1 की जीत में दो गोल के साथ पेरिस सेंट-जर्मेन को चैंपियंस लीग क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया, उनकी टीम 4-1 से आगे हो गई। कोच लुइस एनरिक ने हाल के हफ्तों में एमबीप्पे के मिनटों में कटौती कर दी है क्योंकि खिलाड़ी ने क्लब को बताया था कि वह सीजन के अंत में क्लब छोड़ देगा, फ्रांस के कप्तान ने साबित कर दिया कि अगर पीएसजी को पहली बार प्रतियोगिता जीतनी है तो वह महत्वपूर्ण होंगे। रियल सोसिदाद के लिए इलेक्ट्रिक एमबीप्पे को बांधना असंभव था और 15 और 56 मिनट के बाद उसके हमलों ने लीग 1 के नेताओं को स्पेन के उत्तर में एक साधारण रात में छोड़ दिया।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

• 'नो फिल्टर नेहा' सीजन 6

## नेहा ने कहा, एक अभिनेत्री, होस्ट के रूप में मैंने कई भूमिकाएं निभाई...

बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा धूपिया इन दिनों अपने पॉडकास्ट 'नो फिल्टर नेहा' सीजन 6 में नजर आ रही हैं। दर्शकों को यह शो खूब पसंद आ रहा है। इस पॉडकास्ट में इंडस्ट्री और अन्य क्षेत्रों के कई मशहूर हस्तियां मेहमान बनकर पहुंचे, जहां उन्होंने अपने करियर और पर्सनल लाइफ को लेकर खुलकर बातचीत की। हाल ही में नेहा ने अपने पॉडकास्ट के सबसे मजेदार मेहमानों का खुलासा किया। दरअसल, नेहा धूपिया एक साक्षात्कार में नजर आईं, जहां उन्होंने अपने पॉडकास्ट को लेकर बात की। इस दौरान ने अपने शो से जुड़े कई मजेदारों सवालों के जवाब दिया, जिनमें नो फिल्टर नेहा सीजन 6 के सबसे मजेदार मेहमान के लिस्ट में उन्होंने निर्माता करण जौहर, भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह और बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन का नाम लिया। साक्षात्कार में नेहा ने कहा, एक अभिनेत्री, निर्माता, होस्ट, पॉडकास्टर के रूप में मैंने कई भूमिकाएं निभाईं और आगे अभी बहुत कुछ करने को है, जिसे मैं करूंगी। नेहा के पॉडकास्ट की बात करे तो हाल ही में उनके शो में टाइगर श्रॉफ मेहमान बनकर पहुंचे थे, जहां उन्होंने खुलासा किया था कि एक महिला 30 साल से उनका पीछे पड़ी हुई है।



• तीसरे पार्ट से जुड़ा बड़ा अपडेट आया सामने

## साउथ एक्टर अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 3' के लिए नहीं करना होगा लंबा इंतजार!



अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 3' को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। बताया जा रहा है कि फिल्म अगले साल यानी 2025 में रिलीज हो सकती है। इसके कुछ पार्ट की शूटिंग भी कर ली गई है। मेकर्स के पास इस फेंचाइजी के तीसरे पार्ट के लिए दिलचस्प कहानी है। अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल की मोस्ट अवेटेड मूवी 'पुष्पा 2' का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ये मूवी इसी साल अगस्त महीने में रिलीज होने के लिए तैयार है। फैंस की खुशी तब दोगुनी हो गई थी, जब अल्लू अर्जुन ने पुष्पा 3 पर भी मुहर लगा दी थी। अब इस फेंचाइजी के तीसरे पार्ट को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। बताया जा रहा है कि कुछ हिस्से की शूटिंग भी हो गई है और फिल्म साल 2025 में रिलीज होगी। मीडिया रिपोर्ट्स बता रही हैं कि सुपरहिट फेंचाइजी का तीसरा पार्ट 2025 में सिनेमाघरों में आ सकता है। तेलुगु 360 की एक रिपोर्ट के मुताबिक, डायरेक्टर सुकुमार ने हाल ही में पुष्पा 3 के कुछ हिस्सों की शूटिंग की है और बाकी को आखिरी में शूट करने की प्लानिंग कर रहे हैं। इसी के साथ वो फिल्म को साल 2025 की गर्मियों में रिलीज करने के बारे में भी विचार कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक इसको लेकर आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है। अल्लू अर्जुन की तरफ से कंफर्म किए जाने के कुछ दिनों बाद आया है कि 'पुष्पा' फेंचाइजी का तीसरा पार्ट भी बन सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, अल्लू अर्जुन ने अपडेट देते हुए कहा था, आप निश्चित रूप से पार्ट 3 की उम्मीद कर सकते हैं। हम इसे एक फेंचाइजी बनाना चाहते हैं और हमारे पास दिलचस्प कहानी भी है।



• बॉलीवुड में काम करने की जताई इच्छा

## सलमान खान के साथ पाकिस्तानी एक्ट्रेस सारा खान करना चाहती है फिल्म

बॉलीवुड इंडस्ट्री में हर महीने एक नई फिल्म रिलीज होती है. हर फिल्म में वोही पुराने एक्टर्स घूम फिर कर अलग-अलग किरदार निभाते हुए नजर आते हैं. बीच बीच में ऑडियंस का एक्साइटमेंट बनाए रखने के लिए फिल्म मेकर्स फ्रेश फेसेज को भी फिल्म में मौका देते हैं. कुछ साल पहले बॉलीवुड में पाकिस्तानी एक्टर्स का ट्रेंड चला था जब पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान और माहिरा खान ने बॉलीवुड में एंट्री ली थी. इन स्टार्स को व्यूवर्स ने खूब पसंद किया था. वहीं अब पाकिस्तान की फेमस एक्ट्रेस सारा खान ने भी बॉलीवुड में आने की इच्छा जाहिर की है।

### बॉलीवुड एक्टर के साथ करना है काम

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हाल ही में पाकिस्तानी एक्ट्रेस सारा खान ने बॉलीवुड में अपना इंट्रेस्ट दिखाया है. अपने हालिया इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने कहा है कि, वो बॉलीवुड के दबंग यानि सलमान खान के साथ काम करना चाहती हैं. इसी के साथ एकट्रेस ने कहा - जब से उन्होंने एक्टिंग वर्ल्ड में कदम रखा है, तब से उनका ये एक बड़ा सपना रहा है कि वो बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के साथ लीड रोल मे नजर आना है. इंटरव्यू में आगे एक्ट्रेस ने कहा मुझे बॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण भी बहुत पसंद हैं।

### पाकिस्तान के इस शो में नजर आती हैं सारा

31 साल की पाकिस्तानी एक्ट्रेस सारा खान पाकिस्तान की सक्सेसफुल एक्ट्रेस में से एक हैं. इस वक्त एक्ट्रेस अब्दुल्लापुर का देवदास में काम कर रही हैं. 13 एपिसोड के इस शो को अंजुम शहजाद ने निर्देशित किया और इसे शाहिद डोगर ने लिखा है. फरवरी से ये शो शुरू हुआ है. इसमें प्यार, इश्क मोहब्बत आपको सारे फ्लेवर्स मिल जाएगे. अब्दुल्लापुर का देवदास प्यार की कहानी की बात करें तो ये सचमुच प्यार में पड़े एक ऐसे इंसान की कहानी है जो प्यार में कोई भी सीमा पार कर सकता है. एक्ट्रेस की तगड़ी फैन फॉलोइंग की बात करें तो उन्हे इंस्टाग्राम पर 11 मिलियन लोग फॉलो करते हैं. जहां पर एक्ट्रेस भी अपने फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं और अपनी लाइफ से रिलेटेड पोस्ट और अपने लेटेस्ट वीडियोज से हर दिन अपने फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं।

# एटीएम में सेंधमारी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

एटीएम में सेंधमारी करने वाले मेवाती गैंग के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसमें एक शाकिब महाराष्ट्र के अमरावती में 17 लाख रुपए एटीएम से चुराकर फरार हो गया था। आरोपी एटीएम से पैसे निकालने आने वाले लोगों को बेवकूफ बनाकर उनके अकाउंट से पैसे निकालते हैं। जहांगीराबाद में भी आरोपियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई गई थी। भोपाल पुलिस ने मेवात जाकर आरोपी को गिरफ्तार



किया है। बता दें कि हरियाणा के मेवाती गांव से कई गैंग देशभर में ऐसी वारदातें करती हैं। मामले में गिरफ्तार शाकिब व एक अन्य आरोपी को नोटिस देकर छोड़ा, तीसरे आरोपी की तलाश जारी है।

# एक्सयूवी में अवैध शराब भरकर ले जा रहा तस्कर चढ़ा बैरसिया पुलिस के हत्थे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बैरसिया पुलिस द्वारा अवैध शराब की तस्करी करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार देर रात पुलिस ने एक्सयूवी में अवैध शराब भरकर ले जा रहे एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से अवैध शराब और परिवहन के लिए उपयोग की गई कार समेत कुल 15.82 लाख का माल बरामद किया गया है। पकड़े गए तस्कर के खिलाफ भोपाल के बैरसिया, ईंटखेड़ी और सीहोर के अलग-अलग थानों में आबकारी समेत आधा दर्जन से ज्यादा अन्य अपराध पहले से दर्ज हैं। बैरसिया एसडीओपी आनंद कलादगी (आईपीएस) ने बताया कि मंगलवार देर रात मुखबिर से सूचना मिली कि एक्सयूवी में अवैध शराब भरकर एक व्यक्ति ग्राम खेजड़ा मिश्र जोड़ से बैरसिया की तरफ आने वाला है। इस सूचना के बाद बैरसिया थाना पुलिस की एक विशेष टीम को लगाया गया था। रात करीब पौने 12 बजे करारिया जोड़ के पास पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उक्त उक्त कार को रोका। पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम जगमोहन गुर्जर (28) निवासी ग्राम सनाखेड़ा थाना अहमदपुर जिला सीहोर बताया। एसयूवी की तलाशी लेने पर 15 पेटी देशी मदिरा प्लेन रखी मिली, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। परिवहन में उपयोग की गई कार भी जब्त की गई है। आरोपी कार चालक के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एसडीओपी कलादगी ने बताया कि पुलिस द्वारा अवैध शराब की तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है, जिसके कारण शराब माफियाओं में खलबली मची हुई है।

**अवैध शराब और कार समेत 15.82 लाख का माल बरामद**



# किसान की बाइक पर थैले से 2 लाख उड़ाए, घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित रेंज चौराहा पर दो महिलाओं ने एक किसान के 1 लाख 82 हजार रुपए पार कर दिए। घटना कल बुधवार दोपहर करीब सवा 1 बजे के आसपास की है। दरअसल, किसान पैसों से भरे थैले को अपनी बाइक के हैंडल में लटकाकर कपड़े खरीदने दुकान के अंदर चले गएथे। जब उन्हें थैले की याद आई तो थैला चोरी हो चुका था। दुकान के सीसीटीवी कैमरे चेक करने पर दो महिलाएं थैला निकालकर जाती हुई नजर आई। इसके बाद किसान ने पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर संदिग्ध महिलाओं की तलाश शुरू कर दी है।

## दो संदिग्ध महिलाओं ने की वारदात






पुलिस के अनुसार गांव मनख्याई, तहसील बैरसिय निवासी 45 साल के अमित शर्मा पेशे से किसान हैं। उन्होंने अपना ट्रैक्टर कुछ दिन पहले बेचा था। उसकी रकम वह ले चुके थे, लेकिन 1 लाख 90 हजार रुपए उन्हें लेने थे। वे बुधवार को खरीदार के साथ केनरा बैंक पहुंचे और खरीदार ने केनरा बैंक से उन्हें 1 लाख 90 हजार रुपए निकालकर दे दिए। 1 लाख 90 हजार रुपए में उन्होंने 8 हजार रुपए की उधारी चुकाईड़और बचे 1 लाख 82 हजार रुपए थैले में रख लिए। उन्होंने पैसों से भरा थैला अपनी बाइक पर लटका लिया था। इसके बद वह गांव जाने के लिए निकल गए। इससे पूर्व उनकी बच्ची ने कपड़े की जिद की और वह रेंज चौराहा पर कपड़े की दुकान में रुक गए।

### पूर्व में भी कर चुकी है वारदात

बैरसिया पुलिस ने बताया कि किसानों के साथ चोरी की यह पहली घटना नहीं है। इससे पूर्व भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी है। किसान लापरवाही करते हुए पैसों का बैग अथवा थैला साथ नहीं रखते है। वह बैग को बाइक में हैंडल पर या फिर बिना ताले वाले गाड़ी के बैग में रख देते हैं। वारदात को अंजाम देने वाली महिलाएं बैंक के पास ही किसानों का पीछा करने लग जाती है और मौका मिलते ही वारदात को अंजाम देती है।

### बाइक के हैंडल पर थैला लटकाकर दुकान में पहुंचे शर्मा

अमित शर्मा ने बताया कि उन्होंने कपड़े की दुकान के बाहर अपनी बाइक खड़ी की थी। इस दौरान वह हैंडल पर लटका पैसों वाला थैला साथ ले जाना भूल गए। वे कपड़े खरीद रहे थे। इसी बीच उन्हें याद आई कि पैसों वाला बैग हैंडिल पर छूट गया है। वे फौरन बाहर निकलकर आए तो हैंडल पर लटका बैग नहीं था।

### दो महिलाएं थैला चुराते आई नजर

अमित शर्मा ने दुकानदार को घटना की जानकारी दी। दुकानदार ने अपनी दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो एक महिला दुकान के अंदर जाती हुई नजर आई, जो गेट के पास खड़ी होकर अंदर अमित शर्मा पर नजर रखे थे, जबकि दूसरी महिला हैंडल पर लटका थैला निकालकर चली गई।

# आठ महीने की मासूम की हत्या के बाद नहर में फेंकी थी लाश

**चार महीने तक चली जांच के बाद बागसेवनिया पुलिस ने दर्ज किया अज्ञात पर हत्या का मामला**


फाइल फोटो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित अस्सी फीट रोड पूर्वांचल परिसर के पास चार महीने पूर्व नहर में मिली आठ महीने की मासूम के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। चार महीने चली जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात हत्यारे पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। दरअसल, बच्ची के सिर में चोट थी। डॉक्टर से मिली रिपोर्ट और जिला अभियोजन अधिकारी की सलाह पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करते हुए हत्यारे की तलाश शुरू कर दी है। एएसआई अरुण मलिक ने बताया कि 27-28 अक्टूबर को नव निर्मित अस्सी फीट रोड पर पूर्वांचल परिसर के पास से एक आठ महीने की बच्ची का शव बरामद किया गया था। बच्ची के सिर में गंभीर चोट थी। प्रथम दृष्टया मामला हत्या से जुड़ा नजर आ रहाड़था। इसके अलावा यह भी आशंका थी कि सिर में गिरने से चोट हो सकती है। लिहाजा पुलिस ने बच्ची का शव पीएम के लिए भेज दिया। पीएम रिपोर्ट में बच्ची की मौत सिर में आई गंभीर चोट से होने की पुष्टि हुई। मामला संदिग्ध होने के कारण पुलिस ने जिला अभियोजन अधिकारी की राय मांगी थी। जिला अभियोजन अधिकारी ने बच्ची की मौत पर हत्या की सहमति दी और पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया।

# क्लर्क की नौकरी दिलाने का झांसा, भोपाल के युवक को देहरादून में फर्जी पत्र दिया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

साइबर क्राइम ब्रांच ने लाखों रुपए की ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी सेना में भर्ती कराने के नाम पर 12 लाख रुपए की ठगी कर चुके हैं। आरोपी अमित चौहान और अर्जुन चौहान शामली उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। दोनों ने भोपाल के एक युवक से सेना में भर्ती के नाम पर लूट की है। फरियादी को देहरादून बुलाकर फर्जी नियुक्ति-पत्र दे दिया। अशोका गार्डन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाले दरबार बगड़ावत ने दोनों के खिलाफ 18 जनवरी को शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि सितंबर 2022 में एसएसबी के इंटरव्यू के दौरान नीरज नाम के व्यक्ति से मुलाकात हुई थी। बातों-बातों में नीरज ने मिलिट्री में नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया। इसी महीने भोपाल रेलवे स्टेशन के पास बुलाया और 5 लोगों से मुलाकात कराई और बताया कि इनमें से 3 लोग एमईएस के अधिकारी हैं और देहरादून में पदस्थ हैं। दो लोग रेलवे के बड़े अधिकारी हैं, जो डीआरएम ऑफिस दिल्ली में हैं। फर्जी अधिकारियों ने दरबार से 4 महीने में देहरादून में एमईएस में क्लर्क की नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया और बदले में 12 लाख रुपए की मांग की। दरबार ने एडवांस में 50 हजार रुपए तुरंत नकद दे दिया और उसी दिन घर पहुंच कर 60 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए। आरोपियों ने वेरिफिकेशन के नाम पर जरूरी डॉक्यूमेंट ले लिए। दरबार ने कई बार में आरोपियों को करीब 12 लाख रुपए दे दिए। रुपए मिलने के बाद आरोपियों ने दरबार को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के नाम पर देहरादून बुलाया। डेढ़ माह बाद ऑफर लेटर भी दिया, लेकिन देखने के बाद वापस ले लिया और बाद में बुलाने को कहा। लम्बे समय तक फोन नहीं आया और दरबार के फोन का जवाब नहीं देने पर उसे ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मोबाइल नंबर और बैंक खाता के आधार पर आरोपियों की पहचान की और दोनों को शामली से गिरफ्तार किया। मुख्य आरोपी अमित चौहान आर्मी और रेलवे की ट्रेनिंग कराने वाले लोगों के संपर्क में रहता है और अन्य लोगों से नौकरी का झांसा देकर पैसे ऐंठता था। आरोपी अर्जुन ठगी के पैसे अपने खाते में ट्रांसफर करने का काम करता था।

## बजरंगियों ने लगाया था थाने में मारपीट का आरोप, थाना प्रभारी को भेजा लाइन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

रातीबढ़ थाना प्रभारी हेमंत श्रीवास्तव को लाइन हाजिर कर दिया गया है। उक्त आदेश एसपी मुख्यालय द्वारा जारी किया गया। उल्लेखनीय है कि गत दिनों बजरंगियों ने थाना प्रभारी हेमंत श्रीवास्तव के खिलाफ थाने के लॉकअप में करीब पंद्रह मिनट बंद कर मारपीट करने के आरोप लगाए थे। घटना के बाद बजरंगियों ने देर रात से तड़के तक थाने के बाहर भजन किए और एसीपी टीटी नगर को शिकायती आवेदन सौंपा था। बजरंगियों की शिकायत पर थाना प्रभारी हेमंत श्रीवास्तव समेत थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों पर असंज्ञेय अपराध दर्ज किया गया।

# कमला नगर में विश्राम घाट रोड पर अज्ञात व्यक्ति का शव मिला



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कमला नगर इलाके में बुधवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। मृतक के पास ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके। पुलिस ने शव मिलने की सूचना और हुलिए की जानकारी सभी थानों को भेज दी है। पुलिस के मुताबिक बुधवार सुबह करीब 9 बजे सूचना मिली कि नया बसेरा पीसी नगर से भदभदा विश्राम घाट की तरफ जाने वाले रास्ते पर किसी व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पंचनामा बनाया और लाश को पीएम के लिए भेज दिया। तलाशी लेने पर मृतक के पास पहचान संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिले। मृतक की उम्र 30 से 35 वर्ष के बीच बताई गई है। उसका रंग गेहुआं, चेहरे पर मूंछ और हल्की दाढ़ी है। वह ब्राउन कलर की शर्ट, स्काई ब्लू कलर की जींस और ब्लू कलर की अंडरवियर पहने था। मृतक के संबंध में किसी प्रकार की सूचना मिलने पर कमला नगर थाने के मोबाइल नंबर- 7587601871, 9479990463, 7587601383 तथा 9713258114 पर सूचना दी जा सकती है। मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद उसकी मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।




**मेट्रो एंकर** | **ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित जनता क्वार्टर के पास की वारदात**

# सत्रह साल के किशोर ने नाबालिग रिश्तेदार पर कर दिया चाकू से जानलेवा हमला

**हालत नाजुक, हमीदिया अस्पताल में चल रहा इलाज, पुलिस हिरासत में बालअपचारी**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित जनता क्वार्टर मुख्य सड़क पर सत्रह साल के किशोर ने सोलह साल के नाबागिल पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू नाबालिग के सीने में लगा हैं। खून अधिक बह जाने से उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नाबालिग से पूछताछ करने का प्रयास किया, लेकिन वह बयान देने की स्थिति में नहीं है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस किशोर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। किशोर और नाबालिग आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि जनता क्वार्टर ऐशबाग में रहने वाला सोलह साल का नाबलिग दसवीं कक्षा में पड़ता है। इसी इलाके में सत्रह साल का किशोर रहता है। दोनों आपस में रिश्तेदार है। नाबालिग बीती रात करीब साढ़े 11 बजे के आसपास अपने घर के पास खड़ा था, तभी वहां नाबालिग पहुंचा। दोनों में किसी बात को लेकर बहस हुई और किशोर ने नाबालिग के सीने पर चाकू मार दिया। सीने पर चाकू का गहरा घांव होने से खून बहने लगा। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उसे तत्काल हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां उसका इलाज चल रहा है।



स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022